संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -189 शुक्रवार,12 मई 2023,पृष्ठ - 8+4 मूल्य 2 रूपये

### सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केजरीवाल सरकार ने की बड़ी कारवाई

# सर्विसेज विभाग के सचिव को हटाया

» अनिल कुमार सिंह होंगे सेवा विभाग के नए सचिव,

» सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केजरीवाल सरकार का बड़ा कदम

**नई दिल्ली,11 मई 2023 (ए)।** अधिकारियों के ट्रांसफर और पोस्टिंग को लेकर सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद केजरीवाल सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। केजरीवाल सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले के कुछ ही घंटे के बाद सेवा विभाग सचिव आशीष मोरे को हटा दिया। साथ ही अनिल कुमार सिंह को सेवा विभाग का नया सचिव बनाया गया है। अनिल कुमार सिंह 1995 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। वह दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ रह चुके हैं।

**केजरीवाल सरकार को मिला ट्रांसफर-पोस्टिंग का अधिकार**

बता दें कि दिल्ली में प्रशासनिक सेवाओं पर नियंत्रण को लेकर केजरीवाल सरकार और केंद्र के बीच चल रहे विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को फैसला सुनाया है। सुप्रीम कोर्ट ने फैसले में कहा कि दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पास ही असली शक्ति होनी चाहिए। कोर्ट ने इसी के साथ कहा कि चुनी हुई सरकार के पास असली शक्ति होनी चाहिए और उसी के पास ट्रांसफर और पोस्टिंग का अधिकार होगा।

**एलजी को हर फैसले के लिए सरकार से बात करनी चाहिए**

सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि एलजी को सरकार के साथ हर फैसले के लिए सरकार से बात करनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार अन्य राज्यों की तरह लोगों के प्रति जवाबदेह है, लेकिन उसके अधिकार कम है। अगर अधिकारी मंत्रियों को रिपोर्ट करना बंद कर देते हैं या उनके निर्देशों का पालन नहीं करते हैं, तो सामूहिक जिम्मेदारी का सिद्धांत प्रभावित होता है। अधिकारियों को लगता है कि वे सरकार के नियंत्रण से अछूते हैं, जो जवाबदेही को कम करेगा और शासन को प्रभावित करेगा।



### बड़े स्तर पर होगा अधिकारियों को तबादलाः केजरीवाल

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रेसवार्ता कर कहा कि दिल्ली में बड़े स्तर पर अधिकारियों का तबादला होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि खराब काम करने वाले और काम रोकने वाले अधिकारियों को पद से हटाया जाएगा और अच्छे अधिकारियों को जिम्मेदारी दी जाएगी।

सीएम केजरीवाल ने कहा, जिन अधिकारियों ने जनता को परेशान किया है, उन्हें अपने कर्मों का फल मिलेगा और जिन अधिकारियों ने जनता का पानी रोका है, मोहल्ला क्लीनिक में दवाइयां रोकी हैं और जनता के दूसरे काम रोके हैं, उन्हें अब ऐसे ही नहीं छोड़ा जाएगा। अब हमारे पास सतर्कता विभाग भी आ गया है। अब हम अपने तरीके से काम कर पाएंगे।



## नंगल की फैक्ट्री में गैस लीक

**नंगल,11 मई 2023(ए)।** बड़ी खबर पंजाब के रोपड़ जिसे से है। यहां के नंगल शहर में गुरुवार को एक फैक्ट्री से गैस लीक होना का मामला सामने आया है। गैस लीक होने से प्राइवेट स्कूल के 30 से 35 छोटे बच्चों समेत कई लोग चपेट में आ गए। कुछ बच्चों और शिक्षकों ने उल्टी और सांस लेने में तकलीफ की शिकायत की। इसके बाद प्रभावित शिक्षकों और छात्रों को नंगल के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया। इस घटना के बाद प्रशासन ने सारे इलाके को सील कर दिया है। जानकारी के अनुसार, स्कूल के पास ही दो बड़ी औद्योगिक इकाइयां हैं, इनमें से किसी एक उद्योग से गैस लीक होने की आशंका है। जांच के बाद असली बात सामने आएगी।

## मध्यप्रदेश के 23 छात्रों को एयर लिफ्ट कर मणिपुर से इंदौर लाया गया




**इंदौर,11 मई 2023 (ए)।** मणिपुर हिंसा में फंसे प्रदेश के 23 छात्रों को एयरलिफ्ट कर सकुशल इंदौर लाया गया। यहां से सभी को अपने-अपने जिलों में बसों और अन्य साधन से भेजा गया। छात्रों के चेहरों पर हिंसा का डर और घर सकुशल पहुंचने की खुशी झलक रही थी। हिंसा के बीच गुजरे समय की आपबीती बताते हुए छात्रों का कहना था कि होस्टल के बाहर ही गोलीबारी और बस धमाके हो रहे थे। आंदोलनकारी आगजनी भी कर रहे थे। ऐसा लग रहा था कि अब नहीं बच पाएंगे। हास्टल के मेस में राशन खत्म हो रहा था, दाल-चावल ही पकाकर दिए जाते रहे। हिंसा के चार दिन बाद भोजन और पानी की दिक्कत होने लगी थी। मणिपुर हिंसा में फंसे बच्चे गत रात्रि आठ बजे विमान से इंदौर पहुंचे। इंदौर में रहने वाले तीन छात्रों को उनके परिजन लेने पहुंचे थे। बंगाली चौराहे पर रहने वाले प्रशांत कुंटे और उनकी पत्नी डॉ. गीतांजलि कुंटे शाम सात बजे ही एयरपोर्ट पहुंच गए थे। क्योंकि उनका एकलौता बेटा करण वापस आ रहा था। जैसे ही करण बाहर आया, दोनों ने बेटे को गले लगा लिया और आंखे छलक आई। नेशनल स्पोर्ट यूनिवर्सिटी इम्फाल में एमए कर रहे करण ने बताया कि हालत बहुत खराब थे। बाहर निकल नहीं सकते थे और अंदर पानी और भोजन खत्म हो रहा था। चारों तरफ धमाके ही सुनाई दे रहे थे। उन्हें ऐसा ही हाल वेंकटेश नगर में रहने वाले अक्षय गुप्ता ने भी सुनाया।

**नीतीश की कोशिशों को झटका**

## 2024 में अकेले चुनाव लड़ेगी हमारी बीजेडी पार्टी

**भुवनेश्वर,11 मई 2023 (ए)।** ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने गुरुवार को कहा है कि अगले लोकसभा चुनाव में उनकी पार्टी बीजू जनता दल अकेले चुनाव लड़ेगी, जैसा हमेशा लड़ती रही है। नवीन पटनायक की यह प्रतिक्रिया हाल ही में उनसे बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मुलाकात के बाद आई है, जो इसके लिए विपक्षी एकता की मुहिम में निकले हुए हैं।

**पीएम मोदी से मिले नवीन पटनायक**

नवीन पटनायक ओडिशा में विकास से जुड़े मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात के लिए दिल्ली आए हुए हैं और उसी मुलाकात के बाद उन्होंने मीडिया से ये बातें कही हैं। उन्होंने जदयू सुप्रीमो के भुवनेश्वर यात्रा को %शिष्टाचार मुलाकात% बताया है और अपनी पार्टी की बीजेपी और कांग्रेस दोनों से बराबर दूरी रखने की बात फिर से दोहराई है।

**विपक्ष और बीजेपी दोनों से दूरी बनाकर चलती है बीजेडी**

नवीन पटनायक 2000 से ओडिशा की सत्ता में हैं और उनकी बीजेपी देश की उन चुनिंदा दलों में से है, जो विपक्ष और केंद्र में सत्ताधारी बीजेपी के बीच के झगड़ों में तटस्थ की भूमिका निभाती रही है। कई अहम राष्ट्रीय मसलों पर संसद में बीजेडी ने बीजेपी सरकार का समर्थन भी किया है।




**ओडिशा के विकास के मुद्दे पर प्रधानमंत्री से मुलाकात**

पटनायक ने कहा कि प्रधानमंत्री से उनकी मुलाकात राज्य से जुड़े मसलों को लेकर हुई है। यह बैठक करीब 20-25 मिनट चली है, जिसमें उन्होंने इंफ्रास्ट्रक्चर के विकास से जुड़े विषयों पर बात की है। इनमें निर्माणाधीन श्री जगन्नाथ एयरपोर्ट, अनिर्मित नेशनल हाइवे और ग्राम पंचायतों में बैंक के ब्रांच खोले जाने से संबंधित चर्चा हुई है। जब उनसे मीडिया ने सीधा सवाल नीतीश कुमार के साथ मुलाकात को लेकर किया और तीसरे मोर्चे की संभावना के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, नहीं, जहां तक मेरा संबंध है तो नहीं, अभी नहीं। उनसे पूछा गया कि क्या बीजेडी अगला चुनाव अकेले लड़ेगी, तो उन्होंने कहा कि हमेशा से ऐसा ही रहा है... ओडिशा के मुख्यमंत्री शुक्रवार तक दिल्ली में रहेंगे, लेकिन उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि इस दौरान उनके किसी भी दूसरे नेता से मुलाकात की कोई योजना नहीं है।

## हाई कोर्ट का एक साल खराब किया

**लगाई एक लाख की कॉस्ट**

**इंदौर,11 मई 2023(ए)।** हाई कोर्ट इंदौर ने गलत तथ्य लगाकर कोर्ट का एक साल खराब करने का विपक्षीगण पर एक लाख रुपए की कास्ट लगाई। दो सप्ताह में कास्ट की राशि कर्मचारी वेलफेयर में जमा कराना होगा। हाई कोर्ट ने अंतिम आदेश जारी करते हुए जिला एवं सत्र न्यायालय को मूल परिवाद वापस भेज दिया। आदेश में कहा है कि परिवाद का अंतिम निराकरण होने तक चल-अचल संपत्तियों की बिक्री नहीं की जाएगी। हाई कोर्ट इंदौर में जस्टिस सुबोध अभ्यंकर की एकलपीठ ने यह आदेश जारी किए। अपीलकर्ता की ओर से सीनियर एडवोकेट आरएस जायसवाल व एडवोकेट अभिनव मल्होत्रा ने पैरवी की।



### विदेश से एमबीबीएस कर लौटे स्टूडेंट्स को राहत

## एनएमसी ने दी इंटर्नशिप पूरी करने की परमिशन

**नई दिल्ली,11 मई 2023(ए)।** नेशनल मेडिकल कमिशन (एनएमसी) ने विदेश से एमबीबीएस कर भारत लौटे छात्रों को बड़ी राहत दी है। इन्हें भारत में इंटर्नशिप पूरी करने के लिए 'एक बार की राहत' दी गई है। एनएमसी ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर उन 673 अस्पताओं की लिस्ट जारी की है जहां से ये छात्र इंटर्नशिप कर सकते हैं। इनमें नॉन टीचिंग अस्पताल भी शामिल हैं।

एनएमएसी ने कहा कि यह राहत सिर्फ एक बार के लिए दी गई है। फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट छात्रों को इन नॉन टीचिंग अस्पतालों में सीट आवंटन का काम केवल संबंधित राज्यों की मेडिकल काउंसिलों के माध्यम से किया जाएगा। एनएमसी के लेटेस्ट सर्कुलर के मुताबिक 673 अस्पतालों में विदेश से एमबीबीएस कर लौटे छात्र अपनी इंटर्नशिप पूरी कर सकते हैं।

गौरतलब है कि विदेश से मेडिकल की पढ़ाई कर भारत लौटे छात्र पिछले कई महीनों से यह शिकायत कर रहे थे कि एफएमजीई परीक्षा करने के बावजूद उन्हें अस्पतालों में इंटर्नशिप करने का मौका नहीं मिल पा रहा है। कंपलसरी रोटेटिंग इंटर्नशिप ट्रेनिंग के लिए विभिन्न राज्यों में अस्पतालों को अनुमति प्रदान की गई है।



गाइडलाइंस में एनएमसी ने कहा है कि इंटर्नशिप को एमबीबीएस फाइनल या एफएमजीई या नेशनल एग्जिट टेस्ट (नेक्स्ट) स्टेज-पास करने के दो साल के भीतर पूरा करना होगा। एनएमसी ने कहा कि दो साल की इंटर्नशिप का प्रावधान केवल फॉरेन मेडिकल ग्रेजुएट पर लागू होता है जो मेडिकल की पढ़ाई के अंतिम वर्ष में थे और कोविड-19 या रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण भारत लौट आए।

## 30 हजार मासिक वेतन पाने वाली निकली करोड़पति

» लोकायुक्त ने सब इंजीनियर के घर मारा छापा,




**भोपाल,11 मई 2023(ए)।** मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में सुबह से लोकायुक्त की कार्यवाही शुरू हो गई है । बता दें की भोपाल के पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन की इंजीनियर की सहायक यंत्री (संविदा) प्रभारी हेमा मीणा के घर लोकायुक्त ने छापा मारा है। लोकायुक्त ने भोपाल में से 2 ठिकानों रायसेन स्थित फॉर्म हाउस पर छापेमारी की कार्यवाही की है। सुबह 6:00 बजे से कार्यवाही जारी है अब तक की जांच में करोड़ों की बेनामी संपत्ति का खुलासा हो चुका है।हेमा मीणा की वैध आय के मुकाबले उसकी संपत्ति 232 प्रतिशत अधिक पाई गई है। लोकायुक्त पुलिस ने आय से अधिक संपत्ति मामले में शिकायत दर्ज करते हुए यह छापे मारे हैं

जानकारी के अनुसार जांच में पाया गया कि हेमा मीणा द्वारा अपने पिता रामस्वरूप मीणा के नाम पर ग्राम बिलखिरिया भोपाल में 20 हजार वर्ग फिट भूमि क्रय कर उस पर लगभग एक करोड़ मूल्य का भवन निर्माण किया है। भोपाल रायसेन एवं विदिशा में विभिन्न गांव में कृषि भूमि आदि क्रय की। साथ ही हेमा मीणा द्वारा हार्वेस्टर, धान बुवाई मशीन, ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि उपकरण क्रय किए है। हेमा मीणा द्वारा संपत्तियों एवं अन्य मदों में किया गया व्यय उसे प्राप्त वैध आय से दो सौ बत्तीस प्रतिशत अधिक होना पाया गया, जिस कारण से उसके विरुद्ध भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम में वर्णित प्रावधानों के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया। हेमा मीणा की प्रतिमा माह सैलरी 30 हजार और कमाई करोड़ों रुपए की है।

**भोपाल,रायसेन,विदिशा में खरीदी जमीन**

हेमा मीणा ने भोपाल, रायसेन एवं विदिशा में विभिन्न गांवों में कृषि भूमि खरीदी है। साथ ही हेमा मीणा ने हार्वेस्टर, धान बुवाई मशीन, ट्रैक्टर एवं अन्य कृषि उपकरण भी क्रय किए हैं।

## गैंगस्टर हरजोत सिंह पर कार्वाई

» इंटरपोल ने जारी किया ब्लू नोटिस

**नई दिल्ली,11 मई 2023(ए)।** एनआईए के अनुरोध पर अमेरिका में रह रहे गैंगस्टर हरजोत सिंह के खिलाफ इंटरपोल ने ब्लू नोटिस जारी किया गया है। सूत्रों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। नोटिस पिछले महीने जारी किया गया था। ब्लू नोटिस अक्सर किसी अपराधी के बारे में अतिरिक्त जानकारी एकत्र करने के लिए जारी किया जाता है।



एनआईए ने फिलीपींस में छिपे अमरीक सिंह और मनदीप सिंह के खिलाफ पहले ही लुक आउट सकरुलर जारी कर दिया है। ग्रीस में छिपा जगदीप सिंह उर्फ जग्गू भगवानपुरिया गिरोह का सदस्य सतनाम सिंह उर्फ सत्ता और कुछ अन्य के खिलाफ भी सर्कुलर जारी किया गया है, जो उपरोक्त तीन देशों में छिपे हुए हैं। एनआईए प्रत्यर्पण कार्यवाही शुरू करने के लिए उनके सटीक स्थान की पहचान करना चाहती है।

## गौतम अडानी पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट गलत लिकली

» अडानी समूह को मिली क्लीन चीट

**नई दिल्ली,11 मई 2023 (ए)।** हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद संकट में घिरे गौतम अडानी समूह को मॉरीशस की सरकार ने बड़ी राहत दी है। मॉरीशस के वित्तीय सेवा मंत्री ने संसद में बताया कि देश में अडानी समूह की फर्जी कंपनियों के मौजूद होने का आरोप लगाने वाली हिंडनबर्ग रिपोर्ट झूठ और आधारहीन है।

दरअसल, हिंडनबर्ग की रिपोर्ट में लगाए गए आरोप के बारे में मॉरीशस के एक संसद सदस्य ने सरकार से सवाल पूछा था। इसके जवाब में वित्तीय सेवा मंत्री महेन कुमार सीरुत्तन ने कहा कि मॉरीशस का कानून फर्जी कंपनियों की मौजूदगी की इजाजत नहीं देता है।

सीरुत्तुन ने कहा कि वित्तीय सेवा आयोग (स्रस्ष्ट) से लाइसेंस लेने वाली सभी ग्लोबल कंपनियों को जरूरी शर्तों पर खरा उतरना होता है और आयोग इसपर कड़ी निगाह रखता है। उन्होंने अडानी समूह के मामले को लेकर स्पष्ट तौर पर कहा कि अब तक ऐसा कोई भी उल्लंघन नहीं पाया गया है।

मॉरीशस के वित्तीय सेवा मंत्री ने कहा कि स्रस्ष्ट ने हिंडनबर्ग रिपोर्ट पर गौर किया है लेकिन कानून की गोपनीयता धारा से बंधे होने से इसके विवरण का खुलासा नहीं किया जा सकता है।

इसके पहले स्रस्ष्ट के सीईओ धनेश्वरनाथ विकास ठाकुर ने कहा था कि मॉरीशस में अडानी समूह से संबंधित सभी कंपनियों के मूल्यांकन में नियमों को लेकर कोई खामी नहीं पाई गई है।

बता दें कि अमेरिकी सेलर फर्म हिंडनबर्ग रिसर्च ने 24 जनवरी को जारी अपनी रिपोर्ट में कहा था कि अरबपति गौतम अडानी ने अपनी लिस्टेड कंपनियों के शेयरों के भाव में हेराफेरी करने के लिए मॉरीशस में बनाई गई फर्जी कंपनियों का इस्तेमाल किया है। इन आरोपों को अडानी समूह ने भी सिरे से खारिज किया था और अब मॉरीशस की सरकार ने रिपोर्ट को झूठा बताया है।




हालांकि, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) अडानी समूह और मॉरीशस की दो फर्मों- ग्रेट इंटरनेशनल टस्कर फंड और आयुष्मान लिमिटेड के बीच संबंधों का आकलन कर रहा है। इन फर्मों ने अडानी एंटरप्राइजेज की तरफ से जनवरी के अंत में लाए गए एफपीओ में प्रमुख निवेशकों के तौर पर हिस्सा लिया था। हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद विवाद बढ़ने पर कंपनी ने एफपीओ को वापस ले लिया था।

## टेरर फंडिंग मामले में एनआईए की बड़ी कार्रवाई

**जम्मू-कश्मीर में 11 जगहों पर की छापेमारी**

**नई दिल्ली,11 मई 2023(ए)।** टेरर फंडिंग मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) गुरुवार को जम्मू-कश्मीर के चार जिलों में 11 जगहों पर छापेमारी कर रही है। सूत्रों के मुताबिक, बड़गाम, बारामूला, पुलवामा और कुपवाड़ा जिलों में छापेमारी चल रही है।एनआईए की टीमों के साथ स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ के जवान भी हैं।सूत्रों ने कहा कि एजेंसी कई आपत्तिजनक दस्तावेजों की जांच कर रही है और कुछ संदिग्धों से पूछताछ भी कर रही है। छापेमारी गुरुवार सुबह शुरू हुई और अभी भी जारी है।




फिलहाल एनआईए के अधिकारी ने इस मामले पर आधिकारिक तौर पर कोई बयान नहीं दिया है।

# संपादकीय

## अजीब किस्म की कूटनीति

भारत के बड़े जनमत की यह अपेक्षा वाजिब है कि विदेश मंत्री जयशंकर को चीन को भी उसी मजबूती के साथ सार्वजनिक जवाब देना चाहिए था, जैसा उन्होंने पाकिस्तान के मामले में किया। शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक में भाग लेने आए पाकिस्तान के विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने बेशक करारा जवाब दिया। उन्होंने सार्वजनिक रूप ले उनकी उपेक्षा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। हालांकि साथ ही ये खबर भी आई कि जयशंकर ने बतौर मेजबान बिलावल से हाथ मिलाया, लेकिन यह सुनिश्चित होने के बाद कि सारे कैमरे बंद हो चुके हैं। बिलावल ने पत्रकारों के सामने 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा रद्द होने का सवाल उठाया, तो उसके जवाब में जयशंकर ने इसका जवाब उन्हें आतंकवाद का प्रवक्ता बता कर दिया। इस तरह देश में यह संदेश गया है कि वर्तमान भाजपा सरकार पाकिस्तान को उसकी जगह दिखाने के अपने मजबूत इरादे पर कायम है। बहरहाल, सवाल यह उठा है कि ऐसा ही इरादा जयशंकर ने चीन के विदेश मंत्री चिन गांग को क्यों नहीं दिखाया?
अप्रैल के आखिरी हफ्ते में एससीओ की ही बैठक में भाग लेने जब चीनी रक्षा मंत्री आए थे, तो रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उनसे द्विपक्षीय वार्ता करने के बावजूद उनसे हाथ नहीं मिलाया। भारत में सोशल मीडिया पर उसके साथ ही राजनाथ सिंह के अन्य देशों के रक्षा मंत्रियों से हाथ मिलने की तस्वीरें वायरल हुईं। जाहिर है, उसमें एक संदेश छिपा था। सिंह ने चीनी रक्षा मंत्री को भारत यह रुख भी बताया था कि सीमा पर चीनी हालिया गतिविधियों ने दोनों देशों के बीच पहले हुए द्विपक्षीय समझौतों का आधार कमजोर कर दिया है। जबकि जयशंकर और चिन की हुई वार्ता के बाद भारत की तरफ से कोई बयान जारी नहीं हुआ। लेकिन चीन ने बयान जारी किया। उसमें रक्षा मंत्रियों की वार्ता के बाद कही गई बातों को लगभग दोहराया गया। उसका संदेश है कि सीमा पर सब ठीक है और दोनों देश अब संबंध मजबूत करने की तरफ बढ़ रहे हैं। यानी चीन भारत की उन चिंताओं को स्वीकार करने तक को तैयार नहीं है, जिन्हें राजनाथ सिंह ने भी जताया था। ऐसे भारत के बड़े जनमत की यह अपेक्षा वाजिब है कि जयशंकर को चीन को भी उसी मजबूती के साथ सार्वजनिक जवाब देना चाहिए था, जैसा उन्होंने पाकिस्तान के मामले में किया।

# समाज को देखभाल और स्नेह के बंधन से बांधती है नर्सिंग ऑफिसर

सरकारों को नर्सिंग शिक्षा, नौकरियों और नेतृत्व में निवेश करना चाहिए। इनमें से कुछ उपायों में प्रचलित स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय श्रम बाजार स्थितियों के अनुसार नर्सों को पारिश्रमिक देना शामिल है। रोगी और जनता को स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों से उच्चतम प्रदर्शन का अधिकार है और यह केवल एक कार्यस्थल में प्राप्त किया जा सकता है जो एक प्रेरित और अच्छी तरह से तैयार कार्यबल को सक्षम और बनाए रखता है। नर्सों की जरूरतों को पूरा करने और उनकी चुनौतियों का मुकाबला करने से नर्सों को सशक्त, प्रोत्साहित किया जा सकता है।
अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस प्रतिवर्ष 12 मई को मनाया जाता है। 12 मई को इस दिन को मनाने के लिए चुना गया था क्योंकि यह आधुनिक नर्सिंग के संस्थापक दार्शनिक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की जयंती है। नर्सिंग मानव समाज को देखभाल और स्नेह के बंधन से बांधती है। नर्सिंग देखभाल का आह्वान है, जो मार्मिक कहानियों और चुनौतियों का एक पूल प्रदान करता है। नर्सिंग का दायरा केवल अस्पताल के अलावा अब हर जगह विस्तारित हुआ है। नर्सें इस व्यापक दुनिया में सबसे कीमती चीज- %मानव जीवन% से निपटती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने 2022 लीड टू लीड - नर्सिंग में निवेश करें और वैश्विक स्वास्थ्य को सुरक्षित करने के अधिकारों का सम्मान करने के वर्ष के रूप में नामित किया है।
दुनिया के सभी स्वास्थ्य कर्मियों में आधे से अधिक नर्सें हैं। यह पूरे नर्स समुदाय और जनता को इस दिन को मनाने के लिए प्रोत्साहित करेगा और साथ ही नर्सिंग पेशे के प्रोफाइल को बढ़ाने के लिए आवश्यक जानकारी और संसाधन प्रदान करेगा। उच्च गुणवत्ता और सम्मानजनक उपचार और देखभाल प्रदान करने वाली महामारियों और महामारियों से लड़ने में नर्स सबसे आगे हैं। कोविड -19 महामारी नर्सों की महत्वपूर्ण भूमिका की याद दिलाती है। नर्सों और अन्य स्वास्थ्य कर्मियों के बिना, प्रकोपों के खिलाफ लड़ाई जीतना और सतत विकास लक्ष्यों या सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज (यूएचसी) को प्राप्त करना संभव नहीं है।
विश्व स्तर पर, प्रति 10,000 लोगों पर लगभग 36.9 नर्सें हैं, जिनमें विभिन्न क्षेत्रों के भीतर और विभिन्नताएं हैं। अफ्रीकी क्षेत्र की तुलना में अमेरिका में लगभग 10 गुना अधिक नर्सें हैं। जबकि पूर्व में प्रति 10,000 जनसंख्या पर 83.4 नर्स हैं, बाद में प्रति 10,000 जनसंख्या पर 8.7 नर्स हैं। 2030 तक, दुनिया भर में 5.7 मिलियन से अधिक नर्सों की कमी होगी। निरपेक्ष संख्या में सबसे बड़ी कमी दक्षिण-पूर्व एशियाई क्षेत्र में है, जबकि अमेरिका और यूरोप में, समस्या अलग है क्योंकि वे वृद्धावस्था में नर्सिंग कार्यबल का सामना कर रहे हैं। इसके अलावा, यूरोप, पूर्वी भूमध्यसागरीय और अमेरिकी क्षेत्रों में कई उच्च आय वाले देश




प्रवासी नर्सों पर ÷विशेष रूप से÷ निर्भर हैं।
उनके कार्यों की मान्यता की आवश्यकता है; रिपोर्ट में इस बात पर प्रकाश डाला गया है कि नर्सों का काम सार्वभौमिक स्वास्थ्य देखभाल, मानसिक स्वास्थ्य, गैर-संचारी रोगों, आपातकालीन तैयारी और प्रतिक्रिया से संबंधित राष्ट्रीय और वैश्विक लक्ष्यों को पूरा करने में महत्वपूर्ण है। स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में नर्सों की अहम भूमिका होती है। उनकी भूमिका, विशेष रूप से वर्तमान स्वास्थ्य संकट के दौरान, सर्वोपरि है। कुल मिलाकर, एक मरीज को दी जाने वाली देखभाल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, संक्रमण को रोकने और नियंत्रित करने और रोगाणुरोधी प्रतिरोध का मुकाबला करने में नर्स महत्वपूर्ण हैं।
2018 तक, भारत में 1.56 मिलियन से अधिक नर्स और 772,575 नर्सिंग सहयोगी थे। इसमें से पेशेवर नर्सों की हिस्सेदारी 67 फीसदी है, जिसमें हर साल 322,827 स्नातक और चार साल की न्यूनतम प्रशिक्षण अवधि होती है। स्वास्थ्य कार्यबल के भीतर, नर्सों में 47 प्रतिशत चिकित्सा कर्मचारी शामिल हैं, इसके बाद डॉक्टर (23.3 प्रतिशत), दंत चिकित्सक (5.5 प्रतिशत) और फार्मासिस्ट (24.1 प्रतिशत) हैं। इसके अलावा, भारत में 88 प्रतिशत नर्सों में भारी संख्या में महिलाएं हैं। यह विश्व स्तर पर देखी जाने वाली नर्सिंग की संरचना के अनुरूप है, जहां 90 प्रतिशत महिलाएं हैं।
व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों तक पहुंच सहित नर्सों और सभी स्वास्थ्य कर्मचारियों की व्यावसायिक सुरक्षा और स्वास्थ्य प्रदान करना ताकि वे सुरक्षित रूप से देखभाल प्रदान कर सकें और स्वास्थ्य देखभाल सेटिंग्स में संक्रमण को कम कर सकें। नर्सों और सभी स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों के पास मानसिक स्वास्थ्य सहायता, समय पर वेतन, बीमारी की छुट्टी और बीमा तक पहुंच होनी चाहिए। उन्हें प्रकोप सहित सभी स्वास्थ्य जरूरतों का जवाब देने के लिए आवश्यक ज्ञान और मार्गदर्शन तक पहुंच प्रदान की जानी चाहिए। भविष्य के प्रकोपों का जवाब देने के लिए नर्सों को वित्तीय सहायता और अन्य संसाधन दिए जाने चाहिए।

लगभग सभी स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में, नर्सें ऐसी भूमिकाएँ निभाती हैं जो उनकी विशेषता नहीं होती हैं, इसलिए उनके पास अपनी वास्तविक भूमिकाओं और जिम्मेदारियों को निभाने के लिए कम से कम समय बचा होता है। वे गैर-नर्सिंग-संबंधित कार्य करने में आवश्यकता से अधिक समय व्यतीत कर रहे हैं, उदाहरण के लिए, बिलिंग, रिकॉर्ड कीपिंग, इन्वेंट्री, लॉन्ड्री, डाइट, फिजियोथेरेपी, रोगी का फरार होना, आदि, जिससे रोगी की देखभाल के लिए समय कम हो रहा है। यदि किसी भी स्थिति में, इन भूमिकाओं में कोई दोष है, तो नर्सों को अवकाश रद्द करने, वेतन कटौती आदि के रूप में इसका खामियाजा भुगतना पड़ता है, इसे डोर करने के स्वास्थ्य क्षेत्र में बहुत कम प्रयास किए गए हैं।
सरकारों को नर्सिंग शिक्षा, नौकरियों और नेतृत्व में निवेश करना चाहिए। इनमें से कुछ उपायों में प्रचलित स्थानीय, राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय श्रम बाजार स्थितियों के अनुसार नर्सों को पारिश्रमिक देना शामिल है। रोगी और जनता को स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों से उच्चतम प्रदर्शन का अधिकार है और यह केवल एक कार्यस्थल में प्राप्त किया जा सकता है जो एक प्रेरित और अच्छी तरह से तैयार कार्यबल को सक्षम और बनाए रखता है। नर्सों की जरूरतों को पूरा करने और उनकी चुनौतियों का मुकाबला करने से नर्सों को सशक्त, प्रोत्साहित किया जा सकता है।



**डॉ. प्रियंका सौरभ**
आर्यनगर,हिसार (हरियाणा)

## जय भीम की तलब

मुझको भी तो तलब लगी है,
जय भीम के नारों की।
सुलगते हृदय धधक रही है,
ज्वाला बन अंगारों की।।
कामी क्रोधी अत्याचारी,
सुनके कांप उठे लाचारों सी।
आँधी तूफाँ न रोक सके,
यह शक्ति हर गलियारों की।
पर्वत झुके, झुके है अम्बर,
क्रुद्ध बिजली के तारों भी।
बड़े-बड़ो की मूत निकाल दे,
थामे रास्ता किनारों की।
चापलूसों की खैर नही अब,
खैर नही मक्कारों की।
आँधी बनके टूट पड़ेंगे,
बनके नदियाँ पर धारो की।
चूहा खुद को शेर समझ,न भिड़ना हम बिलारों सी।
जिंदा तुमको दबोच लेंगे,
जाल फेंक मछ्वारों सी।
वीभत्स विध्वंस से वास्ता,
वास्ता जेल दीवारों सी।
अनित्य कृत्य के नृत्य में,
प्रचण्ड तेज तलवारों सी।।
हम तो समता के हमराही,
हमे किसी से बैर नही है।
जो भी अवरोधक बने,
उसकी अब तो खैर नही है।
लालच नही पद-पैसों की,
न लालच पद-प्रतिष्ठो की।
नेता मंत्री की चाह नही,
न चाह उच्च-कनिष्ठो की।।
शोषित रहना नही चाहते,
न शोषक देखना चाहते हैं।
हर गृह में खुशहाली हो,
समभाव सहेजना चाहते हैं।।



**चन्द्रकांत खुंटे क्रांति**
जांजगीर
चाम्पा (छत्तीसगढ़)

## मॉ मेरा जीवन आधार

तेरा नाम जुबां पे आते ही
मेरे दर्द सभी थम जाते हैं ,
माँ ,तेरे आशीषों से
बिगड़े काम सभी बन जाते हैं
सिर पर हाथ फेर के
मेरे दुख सारे हर लेती हो,
धूप की तपन से बचाने मुझको
हाथों से छांव कर देती हो !!
मेरे हाथों को थाम
मेरे जीवन को आधार देती हो,
मेरे चारों ओर तुम बुन
अपना संसार लेती हो !!
मॉ के हृदय की गहराई
सागर से भी अधिक होती है,
मेरी सारी कटु बातों को
मुस्कुराकर सहन कर लेती है !!
तुम चाबी खुशियों की,
हाथों में जादू की छड़ी रखती हो,
मेरे कहने से पहले मेरे मन की सारी
ख्वाहिशें पूरी करती हो !!
कैसे होंगे उऋण मैया आपके इन
उपकारों से,पूछा ?
तो बस स्वस्थ और सुखी रहो
यही तरीका बताती हो !!
ऐ माँ तुम्हारे रूप में
हम भगवान के दर्शन करते हैं,
अर्घ उसे देते हैं हम
जीवन तुझे अर्पण करते हैं
मातृदिवस पर बस यही
करते हैं ईश्वर से प्रार्थना ,
रहो सदा आप संग हमारे
जब तक हैं धरती आसमां



**वीरेन्द्र जैन**
नागपुर
महाराष्ट

## भावनानी के भाव

हे मेरे ईश्वर अल्लाह, परवरदिगार मेरे
मालिक मैंने कहा गुनहगार हूं मैं
उसने कहा बक्ष दूंगा
मैंने कहा परेशान हूं मैं
उसने कहा संभाल लूंगा
मैंने कहा अकेला हूं मैं
उसने कहा साथ हूं मैं
मैंने कहा उदास हूं मैं
उसने कहा हर वक्त तेरे पास हूं
मैंने कहा हरदम सुखी रहूं मैं
उसने कहा अच्छे कर्म कर साथ हूं मैं
मैंने कहा धन दौलत का धनी बनूं मैं
उसने कहा मेहनत कर
विकार छोड़ तेरे साथ हूं मैं
मैनें कहा निरोगी काया मन मस्त रहूं मैं
उसने कहा भ्रष्टाचार काली कमाई छोड़
साथ हूं मैं
मैंने कहा तेरे चरणों की
सेवा करता रहूं मैं
उसनेकहा मातापिताआचार्य
देवोभव फिर तेरे साथ हूं मैं
मैंने कहा सबकुछ तेरा
कुछना मेरा मेरे माधव जी
उसने कहा नेक काम में
लगा तेरे साथ हूं मैं
मैंने कहा तेरे दर्शन दीदार कर
तेरे चरणों में रहूं मैं
उसने कहा मन में झांक उसमे बैठा हूं मैं




**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

## अहंकार क्यों




किस बात का अहंकार करे मानव ये समझ से परे की बात हैं।सामान्यत लोगों को अपने रूप का,धन वैभव का,अपने स्टेटस आदि का अंहकार होता हैं।अगर रूप का अहंकार हैं तो वह तो आपको अपने पूर्वज और माता पिता से मिला हैं।धन वैभव आपको नसीब ने दिया हैं।कोई कहें कि वह मेहनत करता हैं तो मेहनत तो मजदूर भी करता हैं तो वह क्यों धनवान नहीं हैं।अपने रुतबे का अहंकार भी गलत हैं क्योंकि तुम से बड़े रुतबे वालें भी हजारों हैं।लेकिन उनके पास जो कुछ हैं उसका उपयोग वे खुद अपने लिए करतें हैं उसमें दूसरों के उपर रौब झाड़ने का कोई अर्थ नहीं हैं।जिस बात का किसी को कोई सरोकार नहीं हैं उसमे उनको सुनाने का या बड़ाई हांक कर नीचा दिखाने का कोई मतलब नहीं हैं ये समझ होगी वह इंसान अहंकार नाम के दुर्गुण से दूर ही रहेगा,और इसी में समझदारी हैं।
एक बात और हैं अहंकारी व्यक्ति को लोग पसंद नहीं करते या वह खुद अपने घमंड में लोगो ओर लोगों को अपने से हीन समझ दूर ही रहता हैं।दोनों हालातों में वह अकेला रह जाता हैं।समाज में स्वीकार्यता कम हो जाती हैं।सामने चाहे लोग बड़ा आदमी समझ चमचागिरी कर लें किंतु पीछे उस की अवहेलना ही करेंगे।नसीब का खेल होता हैं जो आज राजा हैं वह रंक और जो आज रंक हैं वह कल राजा बन सकता हैं।अहंकारी व्यक्ति ने जिसे अपने वर्तन से दुःख पहुंचाया हो वही कल उसिके समकक्ष आ खड़ा रहेगा तब उसकी मानसिकता कैसी होगी,वह न उसके साथ बैठ पाएगा और न ही उससे मुंह फेर जा सकेगा।
इतिहास में हुए रामायण महाभारत जैसे युद्ध के बीज अहंकार में ही अंकुरित हुए थे।
वह चाहे दुर्योधन हो या रावण दोनों के पतन का कारण उनका अहंकार ही तो था।ऐसे बहुत उदाहरण हैं जिसमें अहंकार की वजह से अपनी नौकरी या धंधे में भी नुकसान पहुंचा हो।घर परुवार में भी अशांति पैदा हो गईं हो,पति पत्नी के बीच में भी मनमुटाव हो गया हो ऐसे बहुत से उदाहरण देखने मिल जातें हैं।पति की अच्छी तनख्वाह या आमदनी, पत्नी के उपर रौब जमाने का साधन नहीं बन जाना चाहिएं।वहीं पत्नी का सौंदर्य या खुद के पैरों पर खड़े होने का मतलब पति को कमतरी का एहसास देने की वजह नहीं होनी चाहिए।
ऐसे उदाहरणों को ध्यान में रख आदमी को अपने चरित्र को अहंकार मुक्त रखना चाहिए,
यही धार्मिक पुस्तकों में भी समझाया गया हैं।



**जयश्री बिर्मी**
अहमदाबाद
गुजरात

# देश की उन्नति और विकास में कितना प्रभावी जनसंख्या नियंत्रण और विज्ञान

भारत की वर्तमान में जनसंख्या भारी-भरकम देश चीन की जनसंख्या से भी ज्यादा हो गई है। यानी कुल मिलाकर एक अरब चालीस करोड़ आबादी वाला भारत में जनसंख्या के बोझ तले विकास और उन्नति बेहद धीमी और अविकसित है। विकसित तथा समृद्ध देश भारत की जनसंख्या मैं एक संभावना वाला उपभोक्ता बाजार तलाशते हैं और इसे बहुत बड़ी पूंजी भी मानकर अपनी उपभोक्ता सामग्री भारत में बेचने का प्रयास करते हैं। केवल बाजार में निवेश और बाजारी ताकत ही विकास का पैमाना नहीं हो सकती है। बहुत बड़ी जनसंख्या सीमित संसाधनों को नष्ट कर देती है और विकास की धार को कमजोर करने का काम करती है। यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण करते हैं तो देश में बिजली, पानी की कमी बढ़ती महंगाई, फैलती विनाशकारी बेरोजगारी, भ्रष्टाचार पर नियंत्रण, अशिक्षा के फैलाव पर नियंत्रण, गरीब व्यक्ति को और गरीब होने से रोकने का प्रभावी तरीका तथा सांप्रदायिक दंगों पर रोक लगाई जा सकती है। कम और नियंत्रित जनसंख्या तेजी से विकास का पैमाना हो सकती है। 1951 से लेकर 81 तक भारत में जनसंख्या में जबरदस्त वृद्धि हुई है और इसे जनसंख्या विस्फोट का भी नाम दिया जा सकता है। संयुक्त राष्ट संघ में जनसंख्या के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने हेतु प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को जनसंख्या दिवस के रूप में पूरे विश्व में मनाया जाता है। वर्तमान जनसंख्या का विशाल स्वरूप 1981 के बाद भारत में विशालतम हो गया है और आज की जो जनसंख्या का विस्फोट उसी की परिणति है। भारत में जनसंख्या बढ़ने का प्रमुख कारण अशिक्षा, अंधविश्वास और घटती मृत्यु दर भी है। सीमित संसाधन कमजोर आर्थिक व्यवस्था के कारण देश में बेरोजगारी भ्रष्टाचार गरीबी महंगाई पानी तथा बिजली की कमी बढ़ती जनसंख्या के दुष्परिणाम ही हैं। यह तो अत्यंत निश्चित है यदि हम जनसंख्या पर नियंत्रण कर ले तो हम अपने विकास की गति को दोगुना कर सकते हैं। विकास के विभिन्न स्वरूपों को देखा जाए तो इसमें हम समावेशी विकास के रूप में देखकर आर्थिक विकास की उत्तर जनित राष्ट्रीय आय के विस्तृत नियोजन में समाज के सबसे गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को सही लाभ मिलने का नजरिया भी तलाशते हैं। जनसंख्या नियंत्रण कर गरीबी को नीचे से ऊपर की ओर सुधारने का काम हमें करना होगा और इसके लिए यह जरूरी है की कमजोर और वंचित वर्गों जिनमें महिला, वृद्ध, एससी, एसटी,श्रमिक आदि शामिल हैं को समुचित लाभ मिलना चाहिए। बच्चे आने वाले देश के नागरिकों के लिए उचित एवं आवश्यक शिक्षा की सुविधा मुहैया होनी चाहिए। वैसे जनसंख्या नियंत्रण ही विकास की समुचित धारा नहीं हो सकती हमें जनसंख्या के साथ सामाजिक आर्थिक सुरक्षा एवं सीमित संसाधनों के साथ तालमेल बिठाकर निरंतर आगे बढ़ना होगा लेकिन आवश्यकता संसाधनों के उचित दोहन नीतियों एवं कार्यक्रमों की है और आवश्यकता है नवाचार एवं उचित तकनीकी प्रौद्योगिकी की भी। वर्तमान में भारत विश्व में सबसे युवा आबादी वाला देश है उसके विपरीत चीन और जापान में निरंतर जनसंख्या में वृद्धों का अनुपात बढ़ रहा है इस तरह भारत में प्रचुर मानव संसाधन के स्रोत उपलब्ध हैं जिसका सही उपयोग करके भारत अपनी आर्थिक तथा सामरिक शक्ति को अत्यंत शक्तिशाली कर सकता है, इसके विपरीत भारत में विस्तृत रूप से गरीबी, बीमारियां, बेरोजगारी, जैसी विकराल समस्या में विद्यमान है। विश्व के कई कम आबादी वाले देश जैसे सोमालिया,लिथुआनिया आदि गरीबी, बेरोजगारी, आतंकवाद की समस्या से दो-चार हो रहे हैं और कम जनसंख्या के बावजूद विकास नहीं कर पा रहे हैं ।जबकि बहुत बड़ी जनसंख्या वाले देशों में चीन और अमेरिका विकसित राष्टों की कतार में हैं एवं विकास के शीर्ष पर हैं। भारत के पास सभी संसाधन और विकसित होने के सारे अवयव हैं इसके बावजूद भारत विज्ञान, टेक्नोलॉजी में काफी पीछे होकर अशिक्षा, अंधविश्वास ,कृषि कार्यों का निम्न स्तर आर्थिक असमानता की समस्याएं झेल रहा है जो भारत के विकास में बाधक है। भारत में अब आज की व्यवस्था में जनसंख्या नियंत्रण तो होना ही चाहिए इसके साथ जरूरत है संसाधनों के उचित प्रयोग एवं सदुपयोग की।
अब सोचने की हमारी बारी है क्या जनसंख्या नियंत्रण गरीबी दूर करने बेरोजगारी दूर करने दंगा रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ शासन प्रशासन पर ही है ,हम आम नागरिकों की कोई जिम्मेदारी नहीं बनती जबकि हम जानते हैं कि समस्याओं को उत्पन्न करने में हम ही लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं हम लोग को यह समझना होगा कि समस्याओं से निपटने की हमारी भूमिका उतनी ही अहम है जितनी शासन-प्रशासन की। इसीलिए जनसंख्या नियंत्रण उपलब्ध संसाधनों के समुचित सही दोहन की जिम्मेदारी हम सब पर होती है इसमें समुचित सहयोग प्रदान करना होगा तब जाकर भारत एक विकसित राष्ट की श्रेणी में आकर खड़ा हो सकता है।



**संजीव ठाकुर,**
चौबे कालोनी
रायपुर
छत्तीसगढ़,

# युवाओं में बढ़ती बेरोजगारी बन रही है चिंता का विषय

आज देश प्रदेश में युवाओं की बढ़ती बेरोजगारी चिंता का विषय है।जहां देखो वहीं युवाओं की भीड़।रोजगार कार्यालय से लेकर च्वाइस सेंटर,निजी सेक्टर,सरकारी कार्यालय,सभी जगह, रेलम पेला।प्रतिवर्ष लाखों की तादाद में शिक्षित बेरोजगार निकल रहें हैं पर रोजगार के नाम पर वही ढाक के तीन बात वाली कहावत चरितार्थ हो रही है।जिस हिसाब से शासन को वेकेंसिस निकालनी चाहिए वह शायद नहीं निकल पा रही है।निकल रही है तो वह बहुत न्युन है।और इस कारण दिन बदिन बेरोजगारी की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है।
आज पूरे भारत की बेरोजगारी दर फरवरी 2023 में लगभग 7.50प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2023 में 7.80
प्रतिशत हो गई है।वैसे तो बेरोजगारी का अनुमान जन गणना से लगाया जाता है,इसके अलावा परिवारों के एक बड़े नमूने का सर्वे करके साक्षातकार द्वारा भी लगाया जाता है।सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनोमी कंज्यूमर पिरामिड पैनल ऑफ हाउसेज में यह बात सामने आई है की इसमें 174405 ऐसे परिवार शामिल हैं जिनमें बेरोजगारों की एक लंबी तादाद है।इसमें लगभग 522000 के ऐसे बेरोजगार हैं जिनमें 15 से ज्यादा के उम्र वाले बेरोजगार शामिल है जो चिंता का विषय है। भारत के सभी राज्यों के सरकारों को इस पर विशेष ध्यान देने और पहल करने की आवश्यकता है।बड़े पैमाने पर बेरोजगारों के लिए रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है।ताकि इनका आर्थिक जीवन स्तर ऊंचा उठ सके।ये युवा बेरोगार देश की ऋष्टा की हड्डी है।इन्ही से देश का विकास और पैमाना निर्धारित होता है।जिस देश के युवा उद्दमशील होंगे वह देश निश्चित ही विकास की ओर अग्रसर होगा।आज छत्तीसगढ़ में एक रिपोर्ट के मुताबिक 7.5 प्रतिशत बेरोजगारी दर है।जो सबसे कम है। हरियाणा में 26.7 राजस्थान और जम्मू कश्मीर में 25ङ्क25 प्रतिशत, झारखंड 14.5, बिहार में 14.4,त्रिपुरा 14.1,हिमाचल प्रदेश 12.1 प्रतिशत बेरोजगारी दर रही है।और इस प्रकार से बेरोजगारी दर में गिरावट आई है।यह प्रयास राज्य सरकारों के नीतिगत फैसले और बेहतर कार्य प्रणाली का परिणाम है।जिससे राज्यों के बेरोजगारी दर में लगातार गिरावट हो रही है जो सराहनीय कदम है।ऐसा प्रयास सभी राज्यों के सरकारों को करना चाहिए ताकि बेरोजगारी के इस अभिशाप से मुक्ति मिल सके।




**अशोक पटेल आशु**
तुस्मा,शिवरीनारायण(छ ग)

# नया बाजार लाईक,कमेंट लाओ इनाम पाओ शोषण करवाओ

आप सभी सोच में पड़ गए होंगे कि अरे ये कौन सा बाज़ार है और ये बाज़ार कहां है , जहां सिर्फ लाईक और कमेंट लाना है सभी से दुकान के लिए और इनाम पाना है । अरे वाह सभी सोचे ये तो बहुत ही आसान काम है इनाम पाने का । अब आप सोच रहे होंगे कि ऐसा बाजार कहां है ? हमनें तो देखा ही नहीं और सुना भी नहीं एसी दुकान या बाजारों के बारे मे । फिर ये वीना किस बाजार की बात कर रही । अरे इतना ना सोचो भाई । चलो वीना आपके मन मे उठे भूचाल से भरे , लालच से भरे , आतुर हो रहे जो उनके प्रश्नों का उत्तर देती हूं । वो बाज़ार ओर कहीं नहीं बल्कि सोशल मीडिया पर ही है । जी हां आप सभी सोच रहे ना कैसे ? तो सुनिए , ये बाज़ार है सोशल मीडिया के अंतर्गत विभिन्न लोगों कि व्यक्तिगत वेबसाइट , यूट्यूब चैनल , फेसबुक पेज़ , इंस्टाग्राम वगैरह-वगैरह । इन बाजारों के दुकान के मालिकों द्वारा आए दिन कोई ना कोई प्रतियोगिता रखी जाती है जैसे की लेखक , विडियो काव्य प्रतियोगिता , नृत्य प्रतियोगिता वगैरह । अब इस प्रतियोगिता के लिए ग्राहक कहां से लाएं , तो ग्राहक को फसाने का का सबसे अच्छा जो एप है वो है वाट्स अप जहां पर हर कोई ऐरा-गैरा नत्थू खैरा वाट्स अप पर बहुत ही आसान तरीके से ग्रुप बनाते , लोगों को जोड़ते और प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए ईनाम नाम के लालच का दाना फैंक जाल बिछाते , जैसे ही कोई लालची ग्राहक आता उसे दबोच लेते और शुरू हो जाता यहां से ग्राहक का शोषण । जी हां हे ना वाट्स अप सबसे सरल एप जहां ग्राहक फट से फंसते हैं । दुकान के मालिक द्वारा निकाली गई प्रतियोगिता के




अंतर्गत सबको क्या करना होता है अब आप पढ़ियेगा और सोचियेगा वीना कड़वा लिखती पर सच लिखती । प्रतियोगिता के अंतर्गत जो भी प्रतियोगिता है जैसे विडियो कविता पढ़ते बोलना , या नृत्य या दूसरी तरह की प्रतियोगिता जिसके अंतर्गत आप वैसा ही करना जैसा मालिक ने आदेश दिया , अब आपने वैसा कर दिया , अब यहां से आपका शोषण शुरू आप सभी के भेजें विडियो वगैरह की ये अपनी दुकान से एक लिंक(रसीद) बना कर दे देते , अब आप सभी को रसीद लिंक सभी के पास लेकर जानी है और उस पर लाईक , कमेंट मांग-मांग कर लाना है उफ्फ आप सौ लोगों के पास गये तब जाकर दस लोगों ने आपको लाईक-कमेंट दिये । आप बहुत विनती करते रहते बार बार आग्रह कर अपना ही वजूद कम करते किसी दूसरे की दुकान चलाने के लिए मात्र लालच के चक्कर में। हुआ ना आपका शोषण । जो सबसे ज्यादा लाईक वोट लाता मालिक के लिए उसे तो मान लो दस हजार रूपये मिले और उसने इनाम के नाम पर आपको दिये 501/ रूपये या इससे भी कम या आजकल तो सोशल मीडिया पर ही ई-सर्टिफिकेट की धूम मची है वहीं थमा देते प्रथम , द्वितीय, तृतीय लिख कर आप भी खुश अपने हाथ से अपना वजूद गिराकर , शोषण करवाकर और दुकान का मालिक तो आप से भी अधिक लाख गुना खुश की वो आप सभी को बेवकूफ बना दस हजार का मालिक बन गया । अब सोचना , समझना आपको है मुझे नहीं । अपना शोषण नहीं करने दें किसी को भी , आप जो प्रतियोगिता के नाम पर लाईक कमेंट मांगते फिरते हैं ना सोशल मीडिया के जरिए लोगों से लोग इसमें आपके मुंह पर तो वाहवाही करते पर पीठ पीछे आपको नीचा दिखाने मे चूकते नहीं , प्रतियोगिता में भाग लें जरूर लें आप विजयी भी होऐं , परंतु इस तरह की लाइक और कमेंट वाली प्रतियोगिताओं में भाग लेकर अपना शोषण न करें। शेष शुभ ।



**वीना आडवाणी तन्वी**
नागपुर,
महाराष्ट

# एसडीओपी व थाना प्रभारी द्वारा बिना वारंट के रात में महिला को गिरफ्तार करने का आरोप

» जबरन रात में घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए अवैधानिक रूप से गिरफ्तार करने का आरोप...

» सखी वन स्टॉफ सेंटर में बंदी बनाकर रखे जाने का आरोप

» प्रार्थिया ने लगाया आरोप कि पति के बहकावे में आकर ग्राम नर्मदापुर का नईहर साय एवं सुनीता माझी द्वारा मेरे विरुद्ध थाने में बिना समुचित जांच अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया...

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

रघुनाथपर निवासी प्रतिमा तिवारी ने सीतापुर एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल व कमलेश्वरपुर थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह पर बिना वारंट के जबरन रात में घर में घुसकर गाली-गलौज करते हुए अवैधानिक रूप से गिरफ्तार कर सखी वन स्टॉफ सेंटर में बंदी बनाकर रखे जाने का आरोप लगाई है। पीड़िता ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया है कि

मेरे पति के बहकावे में आकर ग्राम नर्मदापुर का नईहर साय एवं सुनीता माझी द्वारा मेरे विरुद्ध थाना कमलेश्वरपुर में बिना समुचित जांच किये धारा 363 का अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। उक्त अपराध में सीतापुर एसडीओपी ध्रुवेश जायसवाल व कमलेश्वरपुर थाना प्रभारी विजय प्रताप सिंह द्वारा मेरे घर(मायका) राजपुर जिला बलरामपुर स्थित घर में बिना वारण्ट एवं बिना पुलिस गणवेश के जबरन घुसकर प्रार्थिया एवं उसके परिजनों के साथ अभद्र एवं अश्लील व्यवहार किया गया तथा मेरे द्वारा सर्च वारण्ट के संबंध में पूछा गया तो अनावेदकगण द्वारा कहा गया कि अगर तुम हमे अपने घर में नहीं घुसने दोगी तो मैं डीएसपी हूँ तुम्हारे घर पर बुल्डोजर चलवा दूंगा कहते हुए अश्लील गाली-गलौज करते हुए जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया तथा अनावेदक दुसरी गाड़ी में बैठ गया। अनावेदक द्वारा रास्ते में आवेदिका को उसके साथ हमबिस्तर होने का प्रस्ताव दिया तथा कहा गया कि यदि आवेदिका अनावेदक की बात मान लेती है तो आवेदिका के विरुद्ध दर्ज अपराध को खारिजी करा देगा और यदि आवेदिका बात नहीं मानेगी तो उसके विरुद्ध कई गैर जमानतीय धाराएं झुठा लगवा देगा तथा जिन्दगी भर जेल में सड़वा देगा। आवेदिका ने जब अनावेदक की बात नहीं मानी तो अनावेदक द्वारा आवेदिका के साथ हाथ-बांह पकड़ते हुए छेड़छाड़ करने की कोशिस भी की गई। आवेदिका विरोध करती रही और अनावेदक अश्लील हरकतें करता रहा रात्री 12.6 मीनट पर अनावेदकगण आवेदिका को दर्रीपारा अम्बिकापुर स्थित सखी वन स्टॉप सेन्टर में बकायदा रजिस्टर में एन्ट्री करते हुए आवेदिका को सखी वन स्टॉप सेन्टर दर्रीपारा में रखवा दिया गया। अगली सुबह सखी वन स्टॉप सेन्टर की प्रशासक द्वारा पुलिस को आवेदिका को जमानतीय अपराध में रात को गिरफ्तार कर सखी वन स्टॉप सेन्टर लाने का कारण पूछा गया तो पुलिस वाले कुछ सही जवाब नहीं दे सके, और कहने लगे कि अभी थोड़ी देर में आवेदिका को छोड़ देंगे कहते हुए दिन भर सखी वन स्टॉप सेन्टर में रखकर प्रताड़ित किया गया तथा अंधेरा होने के पश्चात् आवेदिका को छोड़ा गया। आवेदिका के छुटने के पश्चात् से लेकर अभी तक अनावेदक द्वारा आवेदिका की बहन पुजा शर्मा को फोन कर अनावेदक के विरुद्ध कोई शिकायत एवं मिडिया के समक्ष कोई भी बयान नहीं देने के संबंध में दबाव बनाया जा रहा है तथा यह भी कहा जा रहा है कि वह पुलिस का बहुत बड़ा अधिकारी है आवेदिका उसका कुछ नहीं बिगाड़ सकती बल्कि अनावेदक अब आवेदिका के विरुद्ध कई गैर जमानतीय झुठा अपराध दर्ज करा देगा जिसके कारण आवेदिका एवं उसका पूरा परिवार काफी डरा एवं सहमा हुआ है। आवेदिका ने एसपी को ज्ञापन सौंपकर उचित कार्रवाई की मांग की है। हालांकि मामला संवेदनशील है और आरोप संबंधित विभाग के अधिकारी पर है तो न्याय के साथ निष्पक्ष जांच की उम्मीद कम ही दिखती है।



# हायर सेकेंडरी श्यामनगर का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा

- संवाददाता -
अंबिकापुर,11 मई 2023 (घटती-घटना)।

माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें सूरजपुर के जिला शिक्षा अधिकारी आरएल पटेल के निर्देशन और मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय श्यामनगर का परीक्षा फल शतप्रतिशत रहा। इस सफलता के लिए उनहोने बधाई प्रेषित किया है। संस्था के प्राचार्य प्रदीप कुमार जायसवाल ने सभी विार्थियों को अपनी बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने शिक्षकों के अथक परिश्रम से विद्यालय का उत्कृट परीक्षा फल देने के लिए सभी शिक्षकों को बधाई दिया। राज्यपाल पुरस्कृत व्याख्याता अजय कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि इस वर्ष बच्चों ने अच्छी मेहनत की, जिसके परिणाम स्वरूप 10वीं और 12वीं का परीक्षा फल शतप्रतिशत रहा। हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में 40 और हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में 44 विद्यार्थी परीक्षा में बैठे थे। जिसमें सभी विद्यार्थी अच्छे अंको से उत्तीर्ण हुए। हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा में कुमारी कांति पिता संपूरण राम ने 85 प्रतिशत अंक और हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा में डीगमणी पिता रामजीत ने 89 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय में प्रथम स्थान बनाया। हायर सेकेंडरी सर्टिफिकेट परीक्षा के विज्ञान संकाय में राजकुमार, वाणिज्य संकाय में कुमारी बबली और कला संकाय में कुमारी कांति ने सर्वाधिक अंक अर्जित कर विद्यालय को गौरवान्वित किया है। संस्था के प्राचार्य प्रदीप जायसवाल, व्याख्याता लीलाधर नायक, अजय पटवा, विजय भारती, विवेक एक्का, अजय चतुर्वेदी, प्रियंका साहू, गीतांजलि जायसवाल और दीप्ति एक्का सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी शुभकामनाएं और बधाई दिया।



# आंग्ल भाषा संभाषण से बच्चों की शिक्षा की मिलेगी मजबूती

- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

विद्या भारती के अंतर्गत सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ की योजना से विद्यालयों में कार्यरत आचार्यों की गुणवत्ता वृद्धि एवं वर्तमान में देश, समाज की मांग अनुरूप आंग्ल भाषा संभाषण वर्ग का उद्घाटन सरस्वती शिशु मंदिर देवीगंज रोड अंबिकापुर में संपन्न हुआ। 10 से 18 मई तक चलने वाले वर्ग के उद्घाटन अवसर पर अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंच संचालन करते हुए राजेश मिश्रा विभाग समन्वय सरगुजा ने बताया कि पूरे प्रांत के सभी सरस्वती शिशु मंदिरों में आंग्ल भाषा को सुदृढ़ बनाने एवं आचार्यों को तज्ञ करने के लिए चार स्थानों पर यह प्रशिक्षण वर्ग लग रहा है। जिसमें यह पहला वर्ग है। मुख्य अतिथि विष्णु गुप्ता (जिला प्रतिनिधि) ने आंग्ल भाषा संभाषण की अत्यंत आवश्यकता बताते हुए बच्चों के शिक्षा को मजबूती मिलने की बात की। उन्होंने कहा आज अन्य विद्यालय जो अंग्रेजी माध्यम है, वहां लोगों की रूचि ज्यादा हो रही है। परंतु हमारा विद्यालय भले ही अंग्रेजी माध्यम का नहीं है, लेकिन अंग्रेजी में कोई कमी नहीं है। तथा इस प्रशिक्षण से और अधिक समझने एवं अध्ययन अध्यापन में सहूलियत होगी। संस्थान से आए नरेश जायसवाल (प्रांत प्रमुख वनांचल शिक्षा सेवा न्यास छत्तीसगढ़) ने इस प्रशिक्षण वर्ग की महत्ता को बताते हुए विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने इस अवसर का फायदा उठाने के लिए आचार्यों का आह्वान किया। बसंत गुप्ता (व्यवस्थापक) ने कहा आज की परिस्थिति को देखते हुए सभी विद्यालयों में अंग्रेजी की अच्छी पढ़ाई हो। शिशु कक्षा से यदि हमारा अंग्रेजी ठीक होगा, तो आगे भी अच्छी होगी। आंग्ल भाषा संभाषण कि इस वर्ग में प्रशिक्षक के रूप में विवेकानंद गुप्ता अपनी टीम के साथ प्रशिक्षण दे रहे हैं। यह प्रशिक्षण वर्ग प्रतिदिन प्रातः से रात्रि तक अनेक काल खंडों के माध्यम से क्रियाविधि, गतिविधि एवं प्रकट, मॉनिटर द्वारा अध्ययन अध्यापन कर पूर्ण होने वाला है। आचार्यों ने इसमें उत्साह पूर्वक रुचि लेकर भाग ले रहे हैं। रायगढ़, जशपुर, सारंगढ़, सरगुजा, बलरामपुर, सूरजपुर, कोरिया, मनेंद्रगढ़ जिला के नगरीय एवं ग्रामीण विद्यालयों से 55 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। इस वर्ग को सफल बनाने के लिए जगन्नाथ नायक (रायगढ़ विभाग समन्वय), राजेश मिश्रा (सरगुजा विभाग समन्वयक), नरेश जायसवाल (प्रांत प्रमुख), बसंत गुप्ता (व्यवस्थापक/ संयोजक), मीरा साहू (प्राचार्य ) सहित विद्यालय परिवार के सभीआचार्य एवं कर्मचारी लगे हैं।




# विश्व कराटे संघ के मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक दे रहे ओपीएस स्कूल के बच्चों को प्रशिक्षण



- संवाददाता -
अम्बिकापुर, 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में 1 से 15 मई तक 15 दिवसीय 'समर कराटे कैम्प' का आयोजन किया गया है। जिसमें विद्यालय के शारीरिक शिक्षक अनिल बर्नवाल अपने सहयोगी प्रशिक्षक वर्षा गुप्ता एवं विद्यालय के राष्ट्रीय चैम्पियन सह ब्लैक बेल्ट, प्रथम डिग्री ओपीएस के नेशनल चैम्पियन मो. कैफ आजाद के साथ छात्रों का कराटे प्रशिक्षण दे रहे हैं।

इसी क्रम में बच्चों के बेहतर प्रशिक्षण हेतु विद्यालय ने विश्व कराटे संघ के मान्यता प्राप्त प्रशिक्षक नेपाल के शिहान बिशन मोते एवं वेस्ट बंगाल के एशियाई कोच शिहान प्रदीप सरकार को आमंत्रित किया है। ये दोनों अंतर्राष्ट्रीय कोच बच्चों को कराटे का गहन ज्ञान दे रहे हैं जिसमें पंच, किक, ब्लॉक, कॉम्बिनेशन, काता एवं कुमिते के अलावा फाइट में प्वांइट लेने की तकनीक शामिल है। आज बच्चों ने एडवांस काता का प्रशिक्षण प्राप्त किया। शिहान बिशन मोते ने बताया कि विद्यालय का ओवर ऑल सिस्टम बहुत अच्छा है चाहे वो शिक्षा का हो या खेल का हो या मैनेजमेंट का हो। विद्यालय के छात्रों ने हर जगह पर खुद को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर साबित किया है और इनका कराटे का भी स्तर बहुत ऊंचा बल्कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर का है और जल्द ही यहां से टीम नेपाल में आयोजित होने वाले अंतर्राष्ट्रीय कराटे चैम्पियनशिप में भाग लेने नेपाल जाएगी। वहीं प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी ने इन दोनों अंतर्राष्ट्रीय प्रशिक्षकों के आने पर खुशी जाहिर की एवं बच्चों के खेल के स्किल की तारीफ करते हुए इनके विकास हेतु हर संभव सहयोग देने का भरोसा दिया। बच्चे भी इतने बड़े एवं अच्छे प्रशिक्षकों को अपने समीप पाकर बहुत खुश हैं एवं लगन, मेहनत के साथ कराटे की बारीकियां सीख रहे हैं। प्रशिक्षण पाने वालों में अमर सिंह, सिमरन कुजूर, एहसान रजा, स्वास्तिका किस्पोट्टा, आदित्य मुंडा, मुदिता विश्वकर्मा, सुरभि मित्तल, पल्लवी सिंह, सुमेधा सिन्हा, अनपूर्णा प्रजापति, साहिल मसीह, अभिनव तिवारी, चंचल किस्पाट्टा, कृतिका विश्वकर्मा, कृषा कुशवाहा, शैली प्रधान हर्षित सेठिया, हमया जहीन, यासर अराफात, शैलजा मिश्रा , फरहान खान रत्नेश सिद्धांत आदि शामिल है। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में बच्चों के रूचि के साथ प्रशिक्षण लेने पर विद्यालय के प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी एवं शिक्षकों ने शुभकामना दी हैं।

# पीजी कॉलेज में दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार 12 व 13 मई को,देश-विदेश के ख्यातिलब्ध विद्वान होंगे शामिल

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर में अर्थशास्त्र विभाग की तरफ से दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन 12 एवं 13 मई को किया जा रहा है। इस सेमिनार में देश-विदेश के ख्याति लब्ध विद्वान शामिल होंगे। कार्यक्रम के संयोजक जय नारायण पांडे ने बताया कि 12, 13 मई को आयोजित होने वाले इस सेमिनार में पर्यावरण स्किल डेवलपमेंट और एंटरप्रेन्योरशिप जैसे समसामयिक मुद्दों पर गंभीर चर्चा होने की उम्मीद है। सरगुजा की धरती पर राजीव गांधी पीजी कॉलेज द्वारा आयोजित यह दूसरा अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार है इस समय राजीव गांधी पीजी कॉलेज की सक्रियता से अंबिकापुर सरगुजा संभाग के बौद्धिक विमर्श का केंद्र बना हुआ है।




महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रिजवान उल्ला ने इस अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के बारे में कहा कि हमारी कोशिश है कि हम वर्तमान अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए स्वरोजगार हेतु अपने बच्चों को प्रेरित कर सकें। मैं चाहता हूं कि राजीव गांधी पीजी कॉलेज भविष्य में एक ऐसे केंद्र के रूप में उभरे जो छात्रों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण योगदान कर सके। यह सेमिनार इसी लक्ष्य को पूरा करने के लिए आयोजित किया जा रहा है सेमिनार में देश विदेश के लगभग 200 प्रतिनिधियों के शामिल होने की उम्मीद है। सेमिनार स्मारिका 12 मई को उद्घाटन सत्र में जारी की जाएगी। सेमिनार के ऑर्गेनाइजिंग सह सचिव डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि सरगुजा की धरती में एक सम्मोहन है, देश दुनिया से जो भी लोग यहां आते हैं इस धरती से प्यार कर बैठते हैं। इसके साथ ही सरगुजा की बौद्धिकता अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना चुकी है । यह सेमिनार सरगुजा की पहचान को और समृद्ध करने में सहायक होगा।

# डॉ.भीमराव अम्बेडकर विद्यालय के विद्यार्थियों का उत्कृष्ठ प्रदर्शन

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,11 मई 2023(घटती-घटना)।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर विद्यालय सुभाषनगर अम्बिकापुर में सत्र 2022-23 हाईस्कूल सर्टीफि केट परीक्षा का परिणाम सराहनीय रहा।विद्यालय की प्राचार्य सुश्री शबीना खान के द्वारा बताया गया कि विद्यालय में कक्षा 10 वीं में रिया मातवार 86 प्रतिशत लेकर आगे रही। वहीं सोनम अग्रवाल 72 प्रतिशत,आंचल विश्वकर्मा 67 प्रतिशत, सुमन सिंह 65 प्रतिशत, अभिषेक सिंह 61 प्रतिशत,पायल सिंह 57.5 प्रतिशत आंचल सिंह 57 प्रतिशत,अभिषेक यादव 54.8 प्रतिशत चंचला सिंह 54.4 प्रतिशत,मोन्ती गाईन 53.5प्रतिशत व आयुष सोनी 50 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय का नाम रोशन किया। सभी विद्यार्थी को हाईस्कूल मा0शि0मण्डल के परीक्षा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने व उनके टीचर पूजा गुप्ता, दिपेश,साधत मजुमदार रश्मि तिर्की,सपना शुक्ला व ममता कुजूर, ढेरों बधाई के पात्र बताया हैं। अंत में विद्यालय के संचालक कमल सिंह ने सभी सफ्ल बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के अच्छे परिणाम से ही विद्यालय का नाम रोशन होता है। कहते हैं ''दिया बाती और तेल तीनों को अपने आकार में ढलना और कायम रहना पड़ता है तब दीपक की रोशनी में विद्यार्थी का जीवन पोषण होता है। प्राचार्य शबीना खान ने विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।



# लॉटरी प्रणाली से स्वामी आत्मानंद स्कूल में की गई छात्र-छात्राओं की भर्ती

- संवाददाता -
कुसमी,11 मई 2023 (घटती-घटना)।

स्वामी आत्मानंद शा0 उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उ0 मा0 विद्यालय सेमरा कुसमी में संचालित विद्यालय में लाटरी प्रक्रिया अपना कर पहली से दसवीं तक के छात्र - छात्राओं की भर्ती की गई है शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिये, जानकारी के मुताबिक कक्षा पहली में रिक्त सीट 50 के लिये कुल पात्र 64 फार्म प्राप्त हुआ, जिसमें लॉटरी के माध्यम से पूरे सीट में विद्यार्थीयों का चयन किया गया, वही दुसरी में कुल 04 सीट रिक्त थी, इन सीटों के भर्ती के लिये कुल पात्र 26 फार्म प्राप्त हुआ था, जिसमें से 04 विद्यार्थीयों का चयन किया गया, और तीसरी में मात्र 01 सीट ही रिक्त था इस सीट के लिये 19 फार्म प्राप्त हुये थे, जिसमें से 01 विद्यार्थीयों का चयन किया गया है,वही 4थी में भी 01 सीट ही रिक्त था इस सीट की पुर्ति के लिये कुल पात्र 25 फार्म प्राप्त हुआ था, जिसमें से 01विद्यार्थीयों का चयन किया गया, 5वीं में कुल रिक्त सीट 03 थे जिसपर भर्ती के लिये 26 फार्म प्राप्त हुआ था, जिसमें से 03 विद्यार्थीयों का चयन किया गया,वही 6वीं में कुल रिक्त 01 सीट थी जिस पर कुल पात्र 20 फार्म प्राप्त हुये थे, जिसमें से 01 विद्यार्थीयों का चयन किया गया, 7वीं में कुल रिक्त 02 सीट थी, 02 सीट पर भर्ती के लिय कुल पात्र 22 फार्म प्राप्त हुआ था, जिसमें से 02 विद्यार्थीयों का चयन किया गया, 8वीं में कुल 03 सीट रिक्त थी और इसे भरने के लिये कुल पात्र 13 फार्म प्राप्त हुआ था, जिसमें



से 03 विद्यार्थीयों का चयन किया गया, 9वीं में कुल रिक्त सीट 01 थी,जिसे भरने हेतु कुल पात्र 14 फार्म प्राप्त हुये थे , जिसमें से 01 विद्यार्थीयों का चयन किया गया, वही 10वीं में कुल रिक्त सीट 02 शेष थी जिसे भरने के लिये कुल पात्र 04 फार्म प्राप्त हुआ था, जिसमें से 02 विद्यार्थीयों का चयन किया गया,गौरतलब है कि विद्यालय में प्रत्येक क्लास में कुल 50 सीटे है पहली में पुरे 50 सीटो पर भर्ती होती है और फिर वही छात्र पास होकर आगे की क्लास में जाते है 2 री से आगे के सभी क्लासो में किसी कारण वश छात्र परीक्षा नही दे पाते है तो उनका सीट खाली हो जाता है जिन्हें भरने के लिये विद्यालय रिक्त सीट की जानकारी देती है फिर छात्र- छात्राये फॉर्म भरकर विद्यालय में जमा करते है। लेकिन कम सीट के लिये ज्यादा फॉर्म विद्यालय को प्राप्त होता है जिसे भरने के लिये चयन समिति का गठन कर लॉटरी प्रणाली के जरिये रिक्त सीटो की पुर्ति की जाती है।वही चयनित विद्यार्थीयो की सूची कार्यालय प्राचार्य स्वामी आत्मानंद शा0 उत्कृष्ट (अंग्रेजी माध्यम) उ0 मा0 विद्यालय कुसमी के सूचना पटल पर देखी जा सकती है एवं संबंधित पब्लिक व्हाट्सएप ग्रुप के माध्यम से प्रकाशन भी किया जायगा,चयन समिति में विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामपथ यादव की अध्यक्षता में, विकासखण्ड स्त्रोत अधिकारी फिलिप एक्का, प्रभारी प्राचार्य अविनाश मिश्रा ,मानिकचंद गुप्ता, शिक्षक शिक्षिका एवं समस्त स्टॉफ, जनप्रतिनिधि गण ,अभिभावक गण की उपस्थिति में छात्र- छात्राओं की भर्ती प्रक्रिया सम्पन्न हुई।

## इजराइली हवाई हमले में 21 फलस्तीनियों की मौत, 64 घायल

गाजा। गाजा पट्टी पर जारी इजरायली हवाई हमलों में कम से कम 21 फिलीस्तीनी मारे गए, जबकि 64 घायल हो गए। गाजा में फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह जानकारी दी। गाजा में मंत्रालय के प्रवक्ता अशरफ अल-केदरा ने बुधवार को संवाददाताओं को भेजे एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली मिसाइलों के छर्रे लगने से 12 नागरिकों सहित 21 फिलिस्तीनियों की मौत हो गई और 64 अन्य घायल हो गए। फिलिस्तीनी गुटों के सैन्य अभियानों के गाजा स्थित संयुक्त कक्ष ने बुधवार को दक्षिणी और मध्य इजराइल में रॉकेटों की बौछार करने का दावा किया। जवाबी कार्रवाई में फिलिस्तीनी इस्लामिक जिहाद के तीन वरिष्ठ सदस्य मारे गए। इजराइली सेना के एक प्रवक्ता ने अपने बयानों में कहा कि इजराइली सेना ने मिसाइलों द्वारा पीजेआई के सैन्य बुनियादी ढांचे से संबंधित दर्जनों सैन्य चौकियों, साइटों और गुर्गों को निशाना बनाया। ?मिली जानकारी के अनुसार दक्षिणी और मध्य इजराइल में गाजा पट्टी से 300 से अधिक रॉकेट और प्रोजेक्टाइल दागे गए थे। इनमें से इजराइली सेना के आयरन डोम ने अधिकांश रॉकेटों को रोक दिया। इस बीच इस्माइल हनीयेह को बुधवार को संयुक्त राष्ट्र, मिस्र और कतर से फोन कॉल प्राप्त हुए, जो बढ़ते तनाव को समाप्त करने के लिए फिलिस्तीनी एन्क्लेव और इजराइल के बीच मध्यस्थता कर रहे हैं। फोन कॉल के दौरान, हनीयेह ने मध्यस्थों के साथ गाजा के खिलाफ इजराइल की आक्रामकता से निपटने के तरीकों पर चर्चा की।

## जापान में 5.4 तीव्रता का भूकंप, कई लोग घायल

तोक्यो। जापान की राजधानी तोक्यो तथा आसपास के इलाकों में गुरुवार को भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिसमें कई लोग घायल हो गए। अधिकारियों और मीडिया ने यह जानकारी दी। जापान की मौसम विज्ञान एजेंसी ने बताया कि भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गई और इसका केंद्र चीबा प्रांत में था। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है। जापान की क्योदो समाचार एजेंसी के अनुसार, भूकंप के कारण चार लोग घायल हो गए। इनमें से एक व्यक्ति छत पर लगी लाइट गिरने से घायल हो गया। कुछ रेल सेवाओं को भी रद्द किया गया या वे विलंब से चल रही हैं। जापान भूकंप के लिहाज से दुनिया के सबसे संवेदनशील देशों में से एक है और देश में 2011 में भूकंप तथा उसके बाद आयी सुनामी में हजारों लोगों की मौत हो गई थी। इसकी वजह से फुकुशिमा परमाणु संयंत्र को भी नुकसान पहुंचा था।

## इटली के मिलान में बड़ा विस्फोट, आग की चपेट में आई कई गाड़ियां

इटली के मिलान में बड़े धामके की खबर सामने आई है। मिलान सिटी सेंटर के पास ब्लास्ट हुआ है। आग को बुझाने का प्रयास जारी है। अभी ये पता नहीं चल पाया है कि किस तरह का धमका है। पार्किंग लॉट में गाड़ी खड़ी थी। तभी अचानक इसमें जबरदस्त विस्फोट हुआ है। धमाके के बाद कई गाड़ियां आग की चपेट में आ गई। जान माल के कुछ नुकसान की अभी कोई खबर नहीं सामने आई है। पुलिस ने पूरे इलाके को बंद कर लिया है। वहीं खबर है कि पूरे इलाके को खाली भी कराया जा रहा है। धमाके की जगह मिलान की सेंट्रल लोकेशन पर है और बहुत सारे ऑफिस भी इस इलाके में हैं। आग की लपटों के बढ़ने की वजह से इलाके को खाली कराने की बात सामने आई है।

## अफगान महिला कर्मियों का उत्पीड़न हुआ और बनाया गया था बंधक : यूएन की रिपोर्ट

जिनेवा। संयुक्त राष्ट्र ने मंगलवार को कहा कि संयुक्त राष्ट्र के लिए काम करने वाली महिलाओं पर तालिबान के प्रतिबंध लगाए जाने के बाद से संयुक्त राष्ट्र द्वारा नियुक्त कुछ अफगानी महिलाओं को बंधक बनाया गया, उनका उत्पीड़न किया गया और उनकी आवाजाही पर प्रतिबंध लगा दिया गया। अफगानिस्तान के तालिबान शासकों ने पिछले महीने के शुरू में संयुक्त राष्ट्र को सूचित किया था कि संयुक्त राष्ट्र मिशन में नियुक्त अफगान महिलाएं अब काम पर नहीं जा सकती हैं। संयुक्त राष्ट्र ने एक दक्षिण एशियाई देश में मानवाधिकार की स्थिति पर एक रिपोर्ट में कहा कि अफगानिस्तान में सार्वजनिक एवं दैनिक जीवन के अधिकांश क्षेत्रों में महिलाओं एवं लड़कियों की भागीदारी को गंभीर रूप से प्रतिबंधित करने के मकसद से वहां के शासकों की भेदभावपूर्ण एवं गैर कानूनी कार्रवाइयों की कड़ी में यह ताजा घटना है। रिपोर्ट में कहा गया है कि तालिबान शासकों ने इस साल विरोध करने वाले कई लोगों विशेष रूप से महिलाओं एवं लड़कियों के अधिकारों से संबंधित मुद्दों पर बोलने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट में मार्च में शिक्षा तक पहुंच एवं कार्य करने की मंजूरी को लेकर काबुल में प्रदर्शन कर रही चार महिलाओं की गिरफ्तारी और फिर अगले दिन उन्हें रिहा किए जाने का जिक्र किया गया। रिपोर्ट में लड़कियों के स्कूलों को फिर से खोलने की मांग को लेकर अभियान चलाने वाले नागरिक संगठन 'पेनपाथ' की प्रमुख मतिउल्ला वेसा की गिरफ्तारी का भी जिक्र है। रिपोर्ट में फरवरी में उत्तरी ताखार प्रांत में महिला अधिकार कार्यकर्ताओं और उनके भाइयों को गिरफ्तार किए जाने का भी हवाला दिया गया है। सोमवार को जारी एक अलग रिपोर्ट में संयुक्त राष्ट्र ने अफगानिस्तान में शासन में आने के बाद से सार्वजनिक रूप से मृत्युदंड देने, दंडित करने और पत्थरबाजी करने के लिए तालिबान की कड़ी निंदा की। रिपोर्ट के अनुसार पिछले छह महीनों में ही अफगानिस्तान में 274 पुरुषों, 58 महिलाओं और दो लड़कों को सार्वजनिक रूप से कोड़े मारे गए।

## वे ध्यान रखें कि उनके प्रोडक्ट्स सुरक्षित हों : बाइडेन

### – एआई के खतरों से आगाह किया अमेरिकी राष्ट्रपति ने

वाशिंगटन। हाल में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई पर काम कर रही टॉप कंपनियों के सीईओ से बातचीत की है। इस बैठक में बाइडेन ने इन कंपनियों से कहा है कि वे ध्यान रखें कि उनके प्रोडक्ट्स सुरक्षित हों। दरअसल, इस बैठक की जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि कई दिग्गज लगातार एआई के गलत इस्तेमाल को लेकर सतर्क कर रहे हैं। एआई के गॉडफादर कहे जाने वाले जेफी हिंटन ने भी हाल में इसके मिसयूज को लेकर सावधान किया है। जेफी ने कुछ दिनों पहले ही गूगल से इस्तीफा दिया है। माना जाता है कि उनकी स्टडी से ही एआई की शुरुआत हुई है। खैर इसकी वजह से होने वाले नुकसान की अभी सिर्फ कल्पना की जा रही है। वहीं कुछ ऐसे भी मामले सामने आए हैं, जिसमें सीधे तौर पर एआई की वजह से लोगों को नुकसान हुआ है। आइए जानते हैं इनकी डिटेल्स.इस मामले को सीधे तौर पर एआई से जोड़कर नहीं देखना चाहिए। क्योंकि ये गलती एआई की नहीं बल्कि उसे बनाने वाली कंपनी की है, जो खुद गूगल है। माइक्रोसॉफ्ट से जब चैटजीपीटी पावर्ड बिंग सर्च का ऐलान किया, तो गूगल उस रेस में पिछड़ना नहीं चाहता है। कंपनी ने कुछ ही दिनों में बार्ड का ऐलान किया, जो कंपनी का एआई चैटबॉट है। मगर इसके प्रमोशनल वीडियो में ही एक बड़ी गलती सामने आई, जिसकी वजह से कंपनी के शेयर बुरी तरह से टूट गए। वीडियो में बार्ड ने जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप को लेकर गलत जवाब दिया था। उस वक्त कंपनी को लगभग 100 अरब डॉलर का नुकसान शेयर के टूटने से हुआ था। हाल में ही एमसीएएफईई ने एक सर्वे किया था। इस सर्वे में सामने आया कि एआई वॉयस क्लोनिंग की वजह से बहुत से लोगों ने अपने पैसे गंवाए हैं। इस सर्वे में 7 देशों के 7,054 लोगों ने हिस्सा लिया था। इसमें सामने आया कि 69 फीसदी भारतीय एआई जनरेटेड आवाज और सामान्य आवाज में अंतर नहीं कर पाते हैं। इसकी वजह से उन्हें ठगी का सामना भी करना पड़ा है। सोशल मीडिया और इंस्टैंट मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स के पॉपुलर होने के साथ ही फेक न्यूज एक बड़ी समस्या बनी हुई है। तमाम सरकारें इससे निपटने के लिए कदम उठा रही हैं, लेकिन अभी तक इसे खत्म नहीं किया जा सका है। एआई के आने के बाद इसका खतरा बढ़ गया है। दरअसल, कई एआई बॉट्स कमाल की तस्वीरें बना सकते हैं। मिड जर्नी स्टेबल डिफ्यूजन और कई दूसरे नाम इस लिस्ट में शामिल हैं। इन बॉट्स की मदद से बनाई गई तस्वीरों को कई लोग सच मान लेते हैं, जबकि ये किसी क्रिएट की कल्पना होती हैं। ऐसे में फेक न्यूज को बड़ी ही आसानी से फैलाया जा सकता है। एआई के आने के बाद सबसे ज्यादा जिस खतरे की बात हो रही है, वो है इसका इंसानों से ज्यादा समझदार हो जाना। ऐसी परस्थिति में एआई अपने कमांड खुद भी तय कर सकता है। वहीं जेफी हिंटन ने भी इसी खतरे से लोगों को चेताया है। उन्होंने कहा था कि अगर किसी रोज कोई बुरा शख्स एआई रोबोट्स को अपने गोल सेट करने की आजादी दे देगा, तो क्या होगा। ये रोबोट्स खुद को ज्यादा पॉवरफुल बनाने के सब-गोल्स क्रिएट कर सकते हैं।



चीन में एक कृषि कालेज लायोनिंग एग्रीकल्चर टेक्नीकल कालेज में छात्राओं ने फूलों से सजाने की कला का प्रदर्शन किया।

## हाइट हाउस में नयी भूमिका को लेकर काफी उत्साहित हूं : नीरा टंडन

वाशिंगटन। जल्द ही व्हाइट हाउस की घरेलू नीति सलाहकार का पद संभालने वाली भारतीय-अमेरिकी नीरा टंडन ने कहा कि वह प्रशासन में अपनी नयी भूमिका को लेकर ''उत्साहित'' हैं। सार्वजनिक नीति में विशेषज्ञता रखने वाली टंडन व्हाइट हाउस की घरेलू नीति सलाहकार के रूप में सुजैन राइस का स्थान लेंगी। टंडन (52) व्हाइट हाउस में इस प्रभावशाली पद पर नियुक्त होने वाली पहली एशियाई-अमेरिकी नागरिक हैं। वह अभी राष्ट्रपति जो बाइडन की



वरिष्ठ सलाहकार तथा स्टाफ सचिव हैं। टंडन ने बुधवार को 'एएपीआई विक्ट्री फंड' द्वारा आयोजित 'एएएनएचवीआई विमेंस सेलीब्रेशन' में अपने संबोधन में कहा, ''मैं व्हाइट हाउस में अपनी नयी भूमिका को लेकर बहुत उत्साहित हूं और मैं प्रशासन का हिस्सा बनकर काफी रोमांचित हूं जिसमें कई एएएनएचपीआई (एशियाई अमेरिकी, मूल हवाई और प्रशांत द्वीप वासी) नेता हैं, कई सारी एएएनएचपीआई महिला नेता हैं... कई सारे नेता हैं जो हमारे समुदाय की बड़ी विविधता का प्रतिनिधित्व करते हैं।'' टंडन ने ओबामा तथा क्लिंटन दोनों प्रशासनों में काम किया है। वह राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव प्रचार तथा कई थिंक टैंक भी काम कर चुकी हैं।

अब अराजक स्थिति में पहुंच चुका है पाकिस्तान, देश गृह युद्ध की ओर

# पंजाब प्रांत में 14 सरकारी भवनों व 21 पुलिस वाहनों को किया आग के हवाले

**– सेना तैनात, अब तक 7 लोगों की मौत, 300 घायल**

**–पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पाकिस्तान में हालात बेकाबू**



**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद देश में हालात बेकाबू हो गए हैं। भ्रष्टाचार के आरोप में इमरान की गिरफ्तारी के एक दिन बाद बुधवार को भी पाकिस्तान के कई शहरों में हिंसा भड़की और हालात तनावपूर्ण रहे। पिछले 24 घंटे के दौरान कई शहरों में इमरान खान के समर्थकों और सुरक्षा बलों के बीच हिंसक झड़पों में कम-से-कम 7 लोगों की मौत हो गई और लगभग 300 अन्य घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामले में इमरान की गिरफ्तारी के बाद उनके समर्थकों ने पंजाब में 14 सरकारी भवनों और प्रतिष्ठानों में आग लगा दी। उन्होंने 21 पुलिस वाहनों को भी आग के हवाले कर दिया। इमरान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआइ) समर्थकों के साथ झड़प में 130 अधिकारी और सुरक्षा बलों के कर्मचारी घायल हो गए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए पंजाब, खैबर-पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में सेना तैनात की गई है।

### पीएम आवास पर 500 से अधिक प्रदर्शनकारी पहुंचे और कई वाहनों को फूंक दिया

राजधानी इस्लामाबाद में भी सेना को उतार दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने लाहौर में प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के आवास पर हमला कर दिया। पुलिस ने मीडिया को बताय कि 500 से अधिक प्रदर्शनकारी बुधवार तड़के प्रधानमंत्री आवास पर पहुंचे और वहां रखे वाहनों को फूंक दिया। आवासीय परिसर में उन्होंने पेट्रोल बम फेंका और पुलिस बूथ को आग के हवाले कर दिया। इमरान की गिरफ्तारी से नाराज समर्थकों ने मंगलवार को सेना मुख्यालय पर धावा बोल दिया था। उन्होंने सैन्य वाहनों और प्रतिष्ठानों पर हमला करते हुए लाहौर कोर कमांडर के आवास में आग लगा दी थी। पीटीआइ ने गिरफ्तारी की निंदा करते हुए बुधवार को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का एलान किया।

### वाशिंगटन में भी पाकिस्तान दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन

मीडिया के अनुसार पीटीआई नेतृत्व ने जनता से अपील की है कि वे बढ़ते फासीवाद के खिलाफ सड़कों पर उतरें और समर्थकों को बताएं कि निर्णायक लड़ाई का क्षण आ गया है। इमरान की गिरफ्तारी की खबर मिलते ही देशभर में इसका विरोध शुरू हो गया। उनके समर्थकों ने लाठी-डंडों से लैस होकर पाकिस्तानी सेना के मुख्यालय सहित सुरक्षा प्रतिष्ठानों को निशाना बनाया। पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के समर्थकों ने पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के खिलाफ वाशिंगटन में पाकिस्तान दूतावास के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने इमरान खान की रिहाई की मांग की और यहां तक कि मुख्य न्यायाधीश और सेना के जनरलों के खिलाफ नारे भी लगाए।

# प्रधानमंत्री मोदी की अमेरिका यात्रा ऐतिहासिक, दुनिया के लिए बेहतर: संधू

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगले महीने होने वाली अमेरिका यात्रा को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि इससे यह पता चलेगा कि दोनों देशों के बीच साझेदारी जन-केंद्रित और बड़े पैमाने पर दुनिया के लिए अच्छी है। संधू ने कहा ?कि प्रधानमंत्री मोदी की राष्ट्रपति जो बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की आगामी आधिकारिक राजकीय यात्रा ऐतिहासिक है। प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति बाइडन ने एक साथ मिलकर हमारे द्विपक्षीय संबंधों को नई ऊर्जा तथा गति प्रदान की है। भारतीय राजदूत ने कहा कि यह यात्रा दोनों नेताओं के लिए एक साथ वक्त बिताने, प्रगति की समीक्षा करने तथा भविष्य की असंख्य संभावनाओं पर मार्गदर्शन करने का अवसर होगी। यह यात्रा दिखाएगी कि भारत-अमेरिका साझेदारी जन-केंद्रित है और न केवल दोनों देशों के लिए बल्कि बड़े पैमाने पर दुनिया के लिए भी अच्छी है।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने एक बयान में बताया था कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने राष्ट्रपति जो बाइडन




और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर अमेरिका की आधिकारिक यात्रा पर जाएंगे। हालांकि, प्रधानमंत्री की यात्रा की अवधि का ब्योरा नहीं दिया गया। बाइडन के निमंत्रण पर मोदी की यात्रा के बारे में व्हाइट हाउस की घोषणा का व्यापक पैमाने पर स्वागत किया गया। भारतीय-अमेरिकी सांसद रो खन्ना ने कहा कि मुझे खुशी है कि व्हाइट हाउस ने प्रधानमंत्री को राजकीय यात्रा पर आमंत्रित किया है जिससे हमारे देशों के बीच सामरिक साझेदारी मजबूत करने में मदद मिलेगी। यूएस इंडिया स्ट्रैटेजिक एंड पार्टनरशिप फोरम के अध्यक्ष मुकेश आघी ने कहा कि जून में मोदी की यात्रा द्विपक्षीय साझेदारी को अगले स्तर तक ले जाने का एक बेहतरीन अवसर होगी।

## डेमोक्रेटिक ने ग्रीन कार्ड के लिए देशों का कोटा खत्म करने के मकसद से नागरिकता विधेयक पेश किया



**वाशिंगटन। (एजेंसी)।** अमेरिका में सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक पार्टी ने बुधवार को एक नागरिकता विधेयक पेश किया जिसमें ग्रीन कार्ड के लिए देशों का कोटा खत्म करने तथा एच-1बी वीजा प्रणाली में बदलावों का प्रावधान है। कांग्रेस सदस्य लिंडा सांचेज द्वारा पेश 'यूएस नागरिकता कानून 2023' में सभी 1.1 करोड़ अप्रमाणित आव्रजकों को नागरिकता देने की रूपरेखा बनायी गयी है। इसमें हर देश की सीमा को खत्म करके रोजगार आधारित आव्रजन प्रणाली में बदलावों का भी प्रस्ताव दिया गया है। इस विधेयक से अमेरिकी विश्वविद्यालयों से विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग तथा गणित में डिग्री हासिल करने वालों के लिए देश में रहना आसान हो जाएगा।

साथ ही इससे कम वेतन वाले उद्योग में काम रह रहे लोगों के लिए ग्रीन कार्ड हासिल करने, एच-1बी वीजा धारकों पर निर्भर लोगों को देश में काम करने की मंजूरी देने तथा एच-1बी वीजा धारकों के बच्चों को इस प्रणाली से बाहर रखने से रोकने में मदद मिलेगी। कांग्रेस सांसद सांचेज ने कहा, ''मेक्सिको के आव्रजक अभिभावकों की बेटी के रूप में, मैं यूएस नागरिकता कानून पेश करके सम्मानित महसूस कर रही है जो एक साहसी, परिवर्तनकारी रूपरेखा है जिससे हमारी आव्रजन प्रणाली में कमियों को दूर करने में मदद मिलेगी।

## भारत और यूरोपीय संघ के बीच कम हो रहा तनाव, ईयू के दूसरे मंत्रिस्तरीय सम्मेलन में हिस्सा लेंगे विदेश मंत्री एस जयशंकर

**न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** विदेश मंत्री एस जयशंकर यूरोपीय संघ (ईयू) के दूसरे हिंद प्रशांत मंत्रिस्तरीय मंच (इंडो पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम) में हिस्सा लेंगे। मेजबानी 13 मई को स्वीडन द्वारा की जानी है। विदेश मंत्री डॉ एस जयशंकर बांग्लादेश (11-12 मई 2023), स्वीडन (13-15 मई 2023) और बेल्जियम (15-16 मई 2022) की आधिकारिक यात्रा करेंगे। स्वीडन में विदेश मंत्री दूसरे ईयू इंडो-पैसिफिक मिनिस्ट्रियल फोरम में भाग लेंगे। वो ईआईपीएमएफ से इतर कई देशों के विदेश मंत्रियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे। अपने प्रवास के दौरान वह स्वीडन में नेतृत्व से मुलाकात करेंगे और प्रमुख मंत्रियों



से मुलाकात करेंगे।

वह अपने स्वीडिश समकक्षः के साथ भारत त्रिपक्षीय फोरम (भारत, यूरोप और अमेरिका) के उद्घाटन सत्र में भी भाग लेंगे। यात्रा के अंतिम चरण में, विदेश मंत्री बेल्जियम और यूरोपीय संघ के अधिकारियों के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिए ब्रसेल्स का दौरा करेंगे। वो वाणिज्य और उद्योग, उपभोक्ता मामले और खाद्य और सार्वजनिक वितरण और कपड़ा मंत्री पीयूष गोयल और रेल, संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी के साथ भारत-यूरोपीय संघ व्यापार और प्रौद्योगिकी परिषद की पहली मंत्रिस्तरीय बैठक में भी भाग लेंगे। बता दें कि टीटीसी मंत्रिस्तरीय बैठक 16 मई को होने वाली है। ईयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि हम करीब 60 प्रतिभागियों की उच्च स्तर की भागीदारी से खुश हैं और इस बात को जोर देकर बताना चाहते हैं कि जी-20 के अध्यक्ष जयशंकर भारत की ओर से मौजूद रहेंगे।

## फिर आतंकियों के साथ खड़ा हुआ चीन, मसूद अजहर के लिए भाई के लिए यूएन में भारत के प्रस्ताव का किया विरोध

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान स्थित जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी अब्दुल रऊफ अजहर को काली सूची में डालने के भारत के प्रस्ताव पर चीन ने आपत्ति जताई है। जैश सरगना मसूद अजहर का भाई अब्दुल रऊफ का जन्म 1974 में पाकिस्तान में हुआ था। भारत में कई आतंकी हमलों की योजना बनाने और उन्हें अंजाम देने में शामिल रहा है, जिसमें 1999 में इंडियन एयरलाइंस के विमान आईसी814 का अपहरण, 2001 में संसद पर हमला, 2016 में पठानकोट में आईएएफ बेस को निशाना बनाना शामिल है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की 1267 आईएसआईएल और अल कायदा प्रतिबंध सूची में जेईएम के अब्दुल रऊफ को जोड़ने के भारत के प्रस्ताव पर चीन ने आपत्ति जताई थी। रउफ अजहर पर अमेरिका ने दिसंबर 2010 में प्रतिबंध लगाया था। पिछले साल अगस्त में, संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के एक स्थायी, वीटो-धारक सदस्य चीन ने रऊफ अजहर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में नामित करने और उसकी संपत्ति जब्त करने, यात्रा प्रतिबंध और उसके अधीन करने के भारत और अमेरिका के प्रस्ताव पर रोक लगा दी थी।

## आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज नहीं मिलने का सता रहा डर

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** कठिन आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान को बेलआउट पैकेज नहीं मिला तो भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। क्योंकि डिफॉल्ट होने की कगार पर खड़ा पाकिस्तान इतिहास के सबसे गंभीर आर्थिक संकट से जूझ रहा है। ऐसे वक्त में जब पाकिस्तान बेलआउट पैकेज के लिए आईएमएफ के आगे गिड़गिड़ा रहा है, एक हिंसक राजनीतिक संकट का जन्म हुआ है। गौरतलब है कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद से पीटीआई समर्थक विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं और देश जल रहा है। विश्लेषकों की मानें तो यह लंबे समय से अटके बेलआउट पैकेज को हासिल करने की पाकिस्तान की संभावनाओं को कम कर देगा। अगर वक्त रहते पाकिस्तान को यह राशि हासिल नहीं हुई तो उसे भारी कीमत चुकानी पड़ सकती है। पाकिस्तान की प्रमुख एंटी-करप्शन एजेंसी एनएबी ने मंगलवार को इमरान को गिरफ्तार कर लिया था जिसके बाद देश भर में पीटीआई समर्थकों और पुलिस के बीच हिंसक झड़पें हुईं। वर्तमान राजनीतिक संकट ऐसे समय पर सामने आया है जब देश इतिहास में अपने सबसे बुरे आर्थिक दौर से गुजर रहा है। यहां गृहयुद्ध जैसे हालात बन गए हैं। राजनीतिक और आर्थिक संकट के बीच सबसे ज्यादा खतरा देश के परमाणु बमों पर मंडरा रहा है।

पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार लगातार कम होता जा रहा है और 6.5 बिलियन डॉलर का आईएमएफ कार्यक्रम आगे बढ़ने का नाम नहीं ले रहा है, जो जून में खत्म हो जाएगा। ऊपर से इस साल देश में कई चुनाव होने हैं। वरिष्ठ अर्थशास्त्री गैरेथ लेदर ने कहा कि सड़कों पर प्रदर्शनकारियों के बीच, आईएमएफ ऋण सौदे को फिर से शुरू करने को लेकर और अधिक सतर्क होगा। पिछले साल हुए सत्ता परिवर्तन, जब इमरान खान को कुर्सी से हटाकर शहबाज शरीफ देश के प्रधानमंत्री बने उसके बाद से पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था और बाजारों की हालत चरमरा गई है। पाकिस्तान का रुपया पिछले 12 महीनों में




लगभग 50 फीसदी कमजोर हो चुका है। बुधवार को पाकिस्तानी रुपया डॉलर के मुकाबले 289.5 के नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया है। अगर आईएमएफ का समर्थन नहीं मिला तो परमाणु हथियारों से संपन्न देश डिफॉल्ट के जोखिम का सामना कर सकता है।

# क्या भाजपा जिलाध्यक्ष पुत्र की पसंद से कोरिया भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकारिणी हुई घोषित?

» भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकारिणी में कोरिया भाजपा जिलाध्यक्ष परिवार के सदस्यों को मिली जगह

» कार्यकारणी जारी होने के बाद सोशल मीडिया में हो रही पार्टी की किरकिरी

» भाजपा में पत्नी से लेकर बेटे तक को दे दी गई जगह जबकि छोटे भाई से लेकर समर्पित कार्यकर्ता पद से दूर क्यों ?

» भाजपा युवा मोर्चा की जिला कार्यकारिणी में प्रोटोकॉल का नहीं हुआ पालन चार से ज्यादा उपाध्यक्ष व मंत्री बनाए गए

» पटना मंडल में पटना के एक भी युवा को कार्यकारिणी में नहीं मिली जगह

» भाजपा जिलाध्यक्ष छिंदिया से भी अपने रिश्तेदार को दिलाई कार्यकारिणी में जगह









- रवि सिंह -
बैकुण्ठपुर 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरिया में प्रायवेट लिमिटेड कंपनी की तरह काम रहे भाजपा जिलाध्यक्ष के द्वारा पार्टी के नियम कायदों को ताक पर रख दिया गया है, मैं,मैं और मैं की राजनीति करने वाले भाजपा के जिलाध्यक्ष ने पार्टी को तार तार कर दिया है। कोरिया में पार्टी भारी गुटबाजी की भेंट चढ गई है,कार्यकर्ता गई गुटो में बटे नजर आ रहे हैं। हाल ही में पार्टी की युवा इकाई के गठन के बाद भी भारी असंतोष देखा जा रहा है, कभी झंडा न उठाने वाले और भाजपा जिलाध्यक्ष का चरण वंदन करने वालों को पद देकर बैठा दिया गया है जबकि कई वर्षो से पार्टी के लिए बूथ स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ताओं कों साईड लगा दिया गया है जिला मुख्यालय में भी ऐसे लोगो को कार्यकारणी में शामिल किया गया है जो कभी भी पार्टी कार्यक्रम में नही देखे गये। बतलाया जाता है कि पार्टी को इन दिनों भाजपा जिलाध्यक्ष के पुत्र के द्वारा संचालित किया जा रहा है, पुत्र के पसंद पर ही युवा मोर्चा की कार्यकारणी घोषित किया जाना बतलाया जा रहा है तो वहीं कार्यकारणी में जिलाध्यक्ष के परिवार के कई सदस्यों के नाम देखे जा सकते हैं। पूर्व में भाजपा की कार्यकारणी में पत्नी को पद दिया गया है जबकि पार्टी के लिए काम करने वाले भाई को पद से दूर कर दिया गया पति पत्नी और पुत्र का भाजपा में रोल बढ गया है,तो वहीं कार्यकारणी के बाद सोशल मीडिया में तमाम आरोप लगाये गये हैं पार्टी को प्रायवेट लिमिटेड की तरह चलाये जाने से भारी असंतोष व्याप्त है आने वाले चुनाव में इससे नुकसान हो सकता है।

## पिता भाजपा जिलाध्यक्ष-पुत्र युवा मोर्चा महामंत्री

कोरिया जिले में भाजपा के जिलाध्यक्ष कृष्णबिहारी जायसवाल हैं जिन्हे पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े के समर्थन के बाद दूसरी बार अध्यक्ष बनने का मौका दिया गया है। तो वहीं पिछले दिनों युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर चरण वंदन करने वाले कार्यकर्ता हितेष प्रताप सिंह को जिम्मेदारी दी गई है। तीन दिन पहले युवा मोर्चा की जिला कार्यकारणी भी गठित की गई है जिसमें कि भाजपा जिलाध्यक्ष के पुत्र कुणाल जायसवाल को जिला महामंत्री बनाया गया है। इससे पार्टी कार्यकर्ता भारी नाराज हैं एक कार्यकर्ता ने नाम न छापने की शर्त पर अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए कहा कि भाजपा जिलाध्यक्ष पार्टी को अपने घर की पार्टी बनाकर काम कर रहे हैं जो मन में आ रहा है वह काम हो रहा है। बड़े नेताओं से सलाह मशवीरा किये बिना कार्यकारणी बनाई जा रही है,कई कार्यकर्ता ऐसे हैं जो कि बूथ स्तर पर काम करते हैं लेकिन उन्हे पद से दूर कर दिया गया है जबकि पुत्र को पिता की वजह से पद दिया गया। पद के लिए योग्यता सिर्फ यह है कि वह जिलाध्यक्ष के पुत्र हैं, पार्टी में जिलाध्यक्ष पुत्र का योगदान नगण्य है। कार्यकर्ता ने कहा कि इन दिनों पार्टी को जिलाध्यक्ष के पुत्र द्वारा संचालित किया जा रहा है यह बड़ा ही दुर्भाग्य का विषय है। पुत्र की पसंद पर ही युवा मोर्चा कार्यकारणी बनाये जाने की बात कही जा रही है। एक अन्य कार्यकर्ता को भी पद दिया गया है जो कि जिलाध्यक्ष के परिवार से ही नाता रखते हैं।

## पूर्व मंत्री समर्थकों की भी हुई छुट्टी

पूरी कार्यकारणी को देखने के बाद इस बार यह कहा जा सकता है कि इसमें पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े से भी सलाह नही लिया गया और न ही उन्हे महत्व दिया गया है। पूर्व जिलाध्यक्ष अंचल राजवाड़े भैयालाल राजवाड़े के समर्थक रहे हैं उन्हे हटाये जाने के बाद भाजपा जिलाध्यक्ष और पूर्व मंत्री के बीच दूरी की खबरें आम हो गई हैं। इस वजह से इस कार्यकारणी में उनके समर्थकों को दूर कर दिया गया है। नाम के लिए कुछ कार्यकताओं को जबरिया का पद दिया गया है जिससे वे खुश नही हैं। पार्टी के मंडल अध्यक्षों व भाजपा जिला कार्यकारिणी में शामिल नेताओं से भी किसी प्रकार की चर्चा नही की गई,युवा मोर्चा की कार्यकारणी भाजपा जिलाध्यक्ष और उनके पुत्र की मर्जी से बनाई गई है। जिससे की नाराजगी होना लाजमी है।

## सोशल मीडिया में कार्यकारणी को लेकर उठा सवाल

भाजपा युवा मोर्चा की कार्यकारणी घोषित होने के बाद नाराजगी का असर यह है कि रूष्ठ कार्यकर्ता सोशल मीडिया में खुलकर अपनी बात रख रहे हैं। चरचा क्षेत्र के कार्यकर्ता रोशन ओझा ने युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष की ओर इशारा करते हुए सोशल मीडिया में लिखा है कि आज बुआ वाले बबुआ बन गया और बबुआ बनकर पेड़ा खा लिए। तथा पुत्र मोह में पार्टी ही खा जाएंगे। इस प्रकार की नाराजगी सोशल मीडिया पर देखने को मिल रही है। चुनावी वर्ष में कार्यकर्ताओं की नाराजगी पार्टी पर भारी पड़ सकती है।

## युवा कार्यकर्ताओं में निराशा का माहौल,शहर में कार्यकर्ताओं की कमी

भारतीय जनता पार्टी गुटबाजी के कारण जिला मुख्यालय में काफी कमजोर हो चुकी है,नये कार्यकर्ता पार्टी के संपर्क में बिल्कुल नही है। वही घिसे पिटे चेहरे पार्टी के हर विंग में काम करते देखे जाते हैं। जारी हुई कार्यकारणी मे ऐसे ऐसे चेहरे शामिल किये गये हैं जिन्हे यह तक नही मालूम होगा कि पार्टी का स्थापना दिवस कब है। एक परिवार विशेष को खासा तवज्जो कार्यकारणी मे दिया गया है। भाजपा की जिला कार्यकारणी से लेकर मंडल और फिर युवा मोर्चा की कार्यकारणी में भी परिवार विशेष की महत्वपूर्ण भूमिका देखी जा रही है जिससे कि पार्टी का बेड़ागर्क हो रहा है। चंद कार्यकर्ता जो कि भाजपा जिलाध्यक्ष का चरण वंदन करते फिरते हैं और जिलाध्यक्ष पुत्र के साथी हैं उन्हे ही पद दिया गया है। शहर में कई ऐसे चेहरे हैं जो कि पार्टी के लिए लाभकारी साबित हो सकते हैं और कई मौके पर पार्टी के लिए काम भी करते हैं लेकिन दुर्भावनावश उन्हे पद न देकर उपेक्षित किया जा रहा है।

## शैलेष शिवहरे के संपर्क में आने वाले कार्यकर्ताओं को पद से दूर

पूर्व में भाजपा की जिला कार्यकारणी जारी हुई जिसमें भाजपा नेता शैलेष शिवहरे के संपर्क में रहने वाले कार्यकर्ताओं को पद से दूर कर दिया गया । और अब युवा मोर्चा की कार्यकारणी में भी उनके समर्थको को दूर कर दिया गया है जिलाध्यक्ष की इस नीति से नाराजगी काफी बढ रही है। शैलेष शिवहरे एक जनाधार वाले नेता हैं और उनकी व्यवहार कुशलता तथा मदद की भावना के कारण उनके इर्द गिर्द कई कार्यकर्ता रहते हैं लेकिन उन्हे सिर्फ इसलिए पद नही दिया गया क्योंकि वे श्री शिवहरे के संपर्क में रहते हैं। विश्वस्त सूत्रों ने बतलाया कि युवा मोर्चा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष पूर्व में शैलेष शिवहरे के समर्थक रहे हैं लेकिन पद की चाह में उन्होने शैलेष शिवहरे का साथ छोड़ दिया जिसके बाद जिलाध्यक्ष का पद दिया गया है। युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष भी कई कार्यकर्ताओं को शैलेष शिवहरे से दूर रहने की हिदायत दे रहे हैं ऐसा पार्टी कार्यकर्ताओं के मुंह से ही सुना जा रहा है। कार्यकारणी देखकर यह स्पष्ट भी है कि इसमें भी शैलैष शिवहरे समर्थक कार्यकर्ताओं को दूर कर दिया गया है।

## युवा मोर्चा के माध्यम से गुटबाजी कर रहे जिलाध्यक्ष?

पार्टी के वरिष्ठ नेता भाजपा जिलाध्यक्ष की कार्यप्रणाली से काफी असंतुष्ट हैं,लोग खुद को काफी उपेक्षित महसूस करने लगे हैं। संगठन की एक मर्यादा में बंधे रहने के कारण कोई नेता कुछ बोलना नही चाहते लेकिन अंदर ही अंदर भारी आक्रोश पनप रहा है। नेताओं का कहना है जिलाध्यक्ष द्वारा वरिष्ठ नेताओं को दरकिनार कर अब युवा मोर्चा को आगे कर गुटबाजी किया जा रहा है।

## क्या विधानसभा की तैयारी में अपना गुट बना रहे जिलाध्यक्ष?

लोगो का कहना है कि भाजपा जिलाध्यक्ष अब कालरी की नौकरी से रिटायर हो चुके हैं उन्हे कार्यकर्ता तो पसंद करते नही जनता में पसंद का कोई सवाल ही पैदा नही होता। लेकिन इसके बावजूद वे आगामी विधानसभा चुनाव में खुद के लिए टिकट की चाह रख रहे हैं। इसी तैयारी के लिए जिलाध्यक्ष द्वारा अपना एक अलग गुट बहुत ही चतुराई से तैयार किया जा रहा है, कार्यकर्ताओं को पूर्व मंत्री भैयालाल राजवाड़े और जिला उपाध्यक्ष शैलैष शिवहरे के संपर्क से दूर किया जा रहा है,पार्टी मे एक ऐसा वातावरण तैयार कर दिया गया है जिससे कि कई कार्यकर्ता दोनो बड़े नेताओं के संपर्क में आने से बच रहे हैं। पार्टी नेतृत्व को इस विषय पर संज्ञान लेने की जरूरत है ।

# खाद्य विभाग की टीम ने दी दुकानों में दबिश

» चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से विभिन्न भोजनालय एवं किराना दुकान का किया गया निरीक्षण






- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़ 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

एसडीएम अभिषेक कुमार के निर्देश पर अमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री रोकने जिले के मिष्ठान्न दुकानों में प्रशासन के द्वारा लगातार जांच कार्यवाही की जा रही है। वरिष्ट खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री विनोद कुमार गुप्ता ने बताया कि बुधवार 8 मई को जिले के चिरमिरी व मनेंद्रगढ़ क्षेत्र में चलित खाद्य प्रयोगशाला वाहन के माध्यम से विभिन्न भोजनालय एवं किराना दुकान का निरीक्षण किया गया, क्षेत्र भ्रमण कर कुल 60 खाद्य पदार्थों का सर्विलांस नमूने जांच हेतु लिया गया जिसमे से 54 नमूने मानक, 02 नमूने अवमानक व 04 नमूने मिथ्याछाप स्तर के प्राप्त हुए। खाद्य व्यापारियों को मानक स्तर के खाद्य सामग्री विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया। इसके साथ ही प्रतिष्ठान को साफ सफाई रखने हेतु आवश्यक निर्देश दिए गये। समस्त दुकानों को खाद्य सुरक्षा व मानक अधिनियम 2006 के अनुरूप कार्य करने निर्देशित किया गया तथा समस्त खाद्य व्यापारियों को अनुज्ञप्ति एवम पंजीयन प्राप्त करने हेतु ऑनलाइन आवेदन करने के निर्देश भी दिए गये।

खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई- एसडीएम मनेन्द्रगढ़ श्री अभिषेक कुमार ने बताया ने बताया कि खाद्य पदार्थों में मिलावटखोरी के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। अभियान चलाकर मिष्ठान भंडार हो या फिर खाने पीने की दुकान सभी पर नमूना जाँच की कार्रवाई की जा रही है । इसका मुख्य उद्देश्य है कि लोगों को शुद्ध और मिलावट रहित खाद्य और पेय पदार्थ मिले। मिलावटी खाने पीने के सामान बेचने वालों की शिकायत प्राप्त होने पर जिला प्रशासन के द्वारा तत्काल टीम भेजकर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। कार्यवाही के दौरान नमुना सहायक श्री प्रमोद पैकरा, चलित खाद्य प्रयोगशाला के लैब टेक्नीशियन श्री गौरव महंत, लैब अटेंडेंट श्री संदीप महंत उपस्थित थे।

# कलेक्टर एमसीबी ने किया कलेक्ट्रेट कार्यालय का औचक निरीक्षण



- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़ 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

कलेक्टर श्री नरेन्द्र कुमार दुग्गा गुरुवार को कलेक्ट्रेट के विभिन्न कार्यालयों के औचक निरीक्षण पर निकले। कलेक्टर श्री दुग्गा सर्वप्रथम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष पहुंचे जहां पर सभाकक्ष के नवीनीकरण का कार्य चल रहा है। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों को सभाकक्ष के साथ अटैच लेट-बाथ बनाने के निर्देश दिये। प्रोजेक्टर के साथ सभाकक्ष के दोनों ओर एलईडी डिस्प्ले बोर्ड लगाने तथा सभी अधिकारियों के टेबल में डिजिटल माइक बोर्ड लगाने के निर्देश दिये। इसके पश्चात कलेक्टर कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित सभी कार्यालयों के निरीक्षण पर पहुँचे। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग, योजना सांख्यिकी विभाग, जनसंपर्क विभाग, खाद्य विभाग, नान, आदिवासी विकास विभाग, अधीक्षक शाखा, स्थापना शाखा, नाजिर शाखा, अपर कलेक्टर न्यायालय और स्टेनो कक्ष को देखा। उन्होंने निर्वाचन शाखा और रिकॉर्ड रूम के लिए अतिरिक्त कक्ष में रखे स्टोर के सामान को तत्काल हटाने के निर्देश दिये। कार्यालय परिसर में सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को व्यवस्थित रूप से बैठने के निर्देश दिये। उन्होंने एण्डेम और विद्युत विभाग के अधिकारियों को सभी कार्यालय में आवश्यकतानुसार स्विच बोर्ड और अन्य आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों और कर्मचारियों से विभाग में चल रही जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। निरीक्षण के दौरान डिप्टी कलेक्टर प्रवीण भगत, डिप्टी कलेक्टर प्रीतेश राजपूत और अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# माँ जिस स्कूल में शिक्षक बेटी उसी स्कूल की थी छात्र,उसी स्कूल में पढ़कर बेटी ने 12 वीं बोर्ड में बनाई टॉप टेन में जगह

» कु. प्रिया ने मनेंद्रगढ़ का नाम किया रोशन,12 वीं बोर्ड की परीक्षा में संभाग में प्रथम तो राज्यस्तरीय मेरिट लिस्ट में 6 वाँ स्थान किया हासिल

» परीक्षा में परिणाम में जब प्रिया ने 481 अंक के साथ 96.20 प्रतिशत प्राप्त कर छठवां स्थान प्राप्त किया तो घर पहुंचकर बधाई देने वालों का लग गया तांता।



- संवाददाता -
मनेन्द्रगढ़ 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

जिस स्कूल में मां शिक्षक के रूप में पढ़ाती हो अगर उसी स्कूल में पढ़कर उसकी बेटी प्रदेशभर में छठवां स्थान प्राप्त करें तो मां का सिर गर्व से ऊंचा हो जाता है। ऐसा ही कुछ कर दिखाया है, मनेन्द्रगढ़ के वार्ड 8 में रहने वाली प्रिया रोहरा ने। बुधवार को छत्तीसगढ़ बोर्ड के 12 वीं के परीक्षा परिणाम जारी किए गए। 12वीं कक्षा के परिणाम में जब प्रिया ने 481 अंक के साथ 96.20 प्रतिशत प्राप्त कर छठवां स्थान प्राप्त किया तो फोन पर और घर पहुंचकर बधाई देने वालों का तांता लग गया।

प्रदेश के टॉप टेन में आने की खुशियां प्रिया रोहरा और उनकी मां माला रोहरा ने उस स्कूल पर पहुंचकर मनाई, जहां वह पढ़ती है और उनकी मां माला रोहरा वहां पढ़ाती है। परीक्षा परिणाम जारी होने के बाद प्रिया और उनकी मां शहर के विजय इंग्लिश मीडियम हायर सेकंडरी स्कूल पहुंचे, वहां स्कूल स्टाफ संग तस्वीरें खिंचवाई और सबको मिठाई खिलाई। प्रिया के परिवार में माता-पिता छोटी बहन है। पिता जहां गैस चूल्हा, मिक्सी, कुकर रिपेयरिंग का काम करते हैं तो वहीं मां शिक्षिका के रूप में बच्चों में शिक्षा की अलख जगा रही है। कु. प्रिया ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता पिता एवं शिक्षकों को दिया। प्रिया ने कहा कि मैं सीए बनना चाहती हूँ। मुझे मानक पुस्तकों के साथ यूट्यूब वीडियो से भी पढ़ाई में काफ़ी सहायता मिली।

## आठ घंटे पढ़ाई ने दिलाया 6 वाँ स्थान-

प्रिया ने बताया कि स्कूल से आने के बाद थोड़ा आराम करती थी तथा उसके बाद शेड्यूल के अनुसार आठ घंटे पढ़ाई करती थी। हिमानी ने बताया कि परिणाम में जितनी मेहनत उसने की, उतनी ही मेहनत उसके अध्यापकों व मां ने भी की। रात को भी मां उठ कर कमरे में आती रहती थी तथा लेट होने पर यही कहती थी कि अब सो जा सुबह उठकर पढ़ लेना । प्रिया ने बताया कि वह सीए बनना चाहती है तथा अभी से उसकी तैयारी शुरू कर दी है।

## सोशल मीडिया से दूरी, यू-ट्यूब से पढ़ाई

सोशल मीडिया से दूरी को अपनी सफलता का पहला मंत्र बताते हुए प्रिया ने कहा कि लक्ष्य हासिल करना है, तो लक्ष्य को भ्रमित करने वाली चीजों से दूर रहना होगा। प्रिया ने कहा कि आज छोटी उम्र में ही बच्चे सोशल साइट्स फेसबुक, इंस्टाग्राम जैसे अन्य प्लेटफार्म पर एक्टिव रहते हैं, इस कारण उनका ध्यान पढ़ाई में नहीं लगता। इसलिए मैंने सोशल साइट्स से दूरी नाकर रखा और यूट्यूब के जरिये पढ़िए की ।

## सीएम के हेलीकॉप्टर राइड ने बढ़ाया था हौसला

प्रिया ने कहा कि प्रदेश के मुखिया मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पिछ्ले साल टॉप टेन में जगह बनाने वाले बच्चों को हेलीकॉप्टर राइड करवाया था, तो मुझे भी इंतजार था, काश मेरे साथ भी ऐसा हो। इसलिए मैंने खूब मन लगाकर पढ़ाई की। अब मुझे मुख्यमंत्रीजी द्वारा कराए जाने वाले हेलीकॉप्टर राइड का इंतजार है।

## नवपदस्थ कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा पहुँचे प्रिया रोहरा के निवास

नवपदस्थ कलेक्टर नरेंद्र कुमार दुग्गा बुधवार शाम को 12 वीं बोर्ड में प्रदेश की मेरिट सूची में 6 वाँ स्थान प्राप्त करने वाली प्रिया रोहरा के निवास पहुँचे। उन्होंने प्रिया को गुदस्ता भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी। उनके साथ प्रशासनिक अधिकारियों ने भी छात्रा के माता-पिता व छात्रा को गुलदस्ता भेंट कर बधाई व शुभकामनायें दीं। कलेक्टर श्री दुग्गा ने प्रिया से कहा कि भविष्य में आगे बढ़ने के लिए किसी भी प्रकार की सहायता की आवश्यकता हो तो जिला प्रशासन हर संभव सहायता करने के लिए तैयार है। कलेक्टर श्री दुग्गा के साथ पूर्व कलेक्टर पी. एस. ध्रुव, पुलिस अधीक्षक टी.आर. कोशिमा, एसडीएम मनेद्रगढ़ अभिषेक कुमार, जिला शिक्षा अधिकारी अजय मिश्रा, तहसीलदार अशोक सिंह भी उपस्थित थे।

# 'कोई भी परीक्षा छोटी बड़ी नहीं होती, सलेक्ट होने के लिए स्वयं को समर्पित करना होगा'

- संवाददाता -
अम्बिकापुर,11 मई 2023 (घटती-घटना)।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के शिक्षाविद सेवा प्रभाग द्वारा नव विश्व भवन चोपड़ापारा में छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए समर कैंप 2023 का आयोजित किया गया है। कैंप के सातवें दिन मुख्य अतिथि आईजी राम गोपाल गर्ग के उपस्थित में सहयोग दिवस के रूप मे मनाया गया। कार्यक्रम के प्रथम दौर में सफलतामूर्त आत्मा हूं इस स्वमान के साथ सबको सहयोग करने का बच्चों ने संकल्प लिया।

इस दौरान आईजी ने बच्चों को अपने उदबोधन के दौरान सुझाव दिए कि हम अपने जीवन में जो भी काम सीखते है उसे अच्छी रीति, संस्कार, मेहनत, लगन से सीखें तथा एक लक्ष्य निर्धारित करके चले, बिना मेहनत किये कोई भी चीज या अपने लक्ष्य में सफलता नहीं होती हैं। कोई भी परीक्षा छोटी या बड़ी नहीं होती, बस उस परीक्षा में सलेक्ट होने के लिए स्वयं को समर्पित करना होगा तथा स्वयं को बड़ा और समझदार बनाना जरुरी होता है। परीक्षाओं में क्वालिफाईड होने के लिये अपने समय को मैनेज करना होगा। जो समय का सदुपयोग करना सीख गया वह इंसान निश्चित रूप से अपने लक्ष्य को हासिल करने में सफलता प्राप्त कर लिया। साथ ही उन्होंने बच्चों को सोशल मीडिया के बारे में समझाते हुये बोले कि वर्तमान समय में मोबाइल, टीवी का उपयोग अच्छी चीजों, जानकारी को देखने, समझने में इस्तेमाल करें, परन्तु मोबाइल, टीवी पर आवश्यकता से अधिक टाईम वेस्ट न करें। गलत चीजें को न सीखे जिससे स्वयं का कैरियर तो बर्बाद होता ही है। साथ ही उससे माता-पिता का उम्मीद भी टूट जाता है। आप सब अपने माता-पिता का नाम रौशन करें। साथ ही पैरेंट्स अपने बच्चों को समय निकाल कर दूसरों की मदद करके लोगों की और भगवान की दुआयें प्राप्त करने की भी बात कही। आगे उन्होंने बच्चों के अन्दर पढ़ाई से सम्बन्धित प्रश्नों का जवाब बहुत सहज, सरल शब्दों में देकर उनके जिज्ञासाओं को शांत किया।



### हमे मन को कराना चाहिए एकाग्र

ब्रह्माकुमारी पार्वती बहन बच्चों को लक्ष्य के प्रति ध्यान खिंचवाते हुये कहा कि अर्जुन के समान हमें भी अपने मन को एकाग्र करना चाहिये। जितना हमारा लक्ष्य श्रेष्ठ होगा उतना ही ऊंचाईयों पर पहुंचेंगे। यदि हम बिना लक्ष्य के कोई काम करते हैं, तो जीवन व्यर्थ है। जीवन में लक्ष्य प्राप्त करना हैं तो लक्ष्य स्पष्ट, क्षमता के अनुसार, वास्तविक, निर्धारित समय, निरंतर अभ्यास और अटूट निश्चय के साथ करेंगे तो निश्चित रूप से अपने जीवन के निर्धारित लक्ष्य को प्राप्त कर पायेंगे। उन्होंने एक्टिविटि के द्वारा बच्चों को बताया कि हमको जीवन में व्यर्थ चीजों को बाय- बाय करना चाहिये और अच्छी चीजों को वेलकम करना चाहिये और सदा मुस्कुराते हुए जीवन में आगे बढना चाहिए। आज बच्चों के अन्दर किसी भी मूल्यों के प्रति सोच को अभिव्यक्त करने के लिये अच्छी आदतें सच्चे मनुष्य की पहचान विषय पर भाषण और विभिन्न प्रकार के नशा के लाभ और हानि विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें काफी बच्चों ने बहुत उत्साहपूर्वक भाग ले अपने अन्दर की प्रतिभाओं को उजागर किया।

# विधानसभा अध्यक्ष ने विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण तथा भूमिपूजन कर जिलेवासियों को दी सौगात

- संवाददाता -
बैकुण्ठपुर 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत विकासखण्ड मुख्यालय सोनहत में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया इस अवसर पर कोरबा सांसद श्रीमति ज्योत्सना चरणदास महंत, संसदीय सचिव छत्तीसगढ़ शासन एवं बैकुण्ठपुर क्षेत्र की विधायक, श्रीमती अम्बिका सिंहदेव, सरगुजा विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एवं भरतपुर-सोनहत के विधायक श्री गुलाब कमरो, कलेक्टर श्री विनय कुमार लंगेह सहित जनप्रतिनिधि, जिला स्तरीय अधिकारी कर्मचारी तथा आमजन मौजूद रहे।






उन्होंने मुख्य रूप से विकासखण्ड सोनहत के ग्राम बंशीपुर में 10 लाख की स्वीकृत राशि से चेरवा समाज भवन निर्माण कार्य तथा 1 करोड़ 46 लाख रुपए की राशि के प्री मैट्रिक छात्रावास तथा अन्य कार्यों का लोकार्पण किया। इसके साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत भैंसवार में सामुदाय के लिए हरिजनपारा भैसवार में मेन रोड भैसवार मार्ग पर 01 नग आर सी सी पुलिया निर्माण कार्य 43 लाख 96 हजार रूपये एवं सांस्कृतिक शेड निर्माण कार्य एवं चेकर टाईल्स फिटिंग 3 लाख रूपये, ग्राम कटगोड़ी में सांस्कृतिक शेड निर्माण कार्य 3 लाख रूपये, ग्राम सोनहत में महामाया मंदिर के पास शेड़ निर्माण कार्य 1 लाख 50 हजार रूपये एवं महामाया मंदिर के पास चबुतरा निर्माण कार्य 1 लाख 50 हजार रूपये, ग्राम बोड़ार में अहाता निर्माण कार्य 5 लाख रूपयें, ग्राम बसवाही में सी सी रोड़ निर्माण मेन रोड़ से दिलकुमार घर तक 8 लाख रूपये, ग्राम चकडांड में पुलिया निर्माण कार्य 5 लाख रूपये, ग्राम बेलिया में सी सी रोड़ निर्माण शारदा मंदिर की ओर 6 लाख रूपये, ग्राम नौगई में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख रूपये तथा ग्राम जोगिया में सामुदायिक भवन निर्माण 5 लाख रूपये, बाजार शेड निर्माण कार्य 50 लाख रुपए के कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर राजस्व विभाग द्वारा 1316 छात्र छात्राओं को जाति प्रमाण पत्र, 30 शिक्षित बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इसी क्रम में पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विकासखण्ड सोनहत के ग्राम पोड़ी में स्थित आश्रित ग्राम परिहत में घुनघुट्टा जलाशय के पास पर्यटन को विकसित करने ट्री हाउस, रेस्टोरेंट एवं अवश्य निर्माण कार्य हेतु 1 करोड़ 98 लाख 88 हजार राशि का भूमिपूजन किया। छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि पर्यटन क्षेत्र के रूप में विकसित होने से क्षेत्र के उत्तरोत्तर विकास के साथ-साथ यहां स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे।

# कबीर आश्रम के जमीन के मामले का हुआ निराकरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष चरण दास महंत इन दिनों सरगुजा प्रवास पर हैं। इस दौरान गंगापुर स्थित कबीर आश्रम में आयोजित पनिका समाज के महा सम्मेलन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस पनिका महासम्मेलन में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित हुए। वहीं विधानसभा अध्यक्ष चरणदास महंत ने कहा अपने समाज को मजबूत करने की आवश्यकता है।



यह कार्यक्रम आपसी प्रेम और भाईचारे का सम्मेलन है। दरअसल अंबिकापुर के गंगापुर स्थित कबीर आश्रम की जमीन पर लम्बे समय से विवाद चल रहा है। जिसकी जानकारी कबीर संत समाज के वरिष्ठ जनों ने विधानसभा अध्यक्ष को दी थी। इसी विवाद को दूर करने विधानसभा अध्यक्ष अंबिकापुर पहुंचे थे, लेकिन उनके आने पर पनिका समाज द्वारा महासम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया था। समाज के लोगों ने बताया कि कबीर समाज के वरिष्ठ जनों और प्रशासनिक अधिकारियों से बातचीत कर कबीर आश्रम के जमीन मामले का निराकरण कर लिया गया है।




# प्रदेश सरकार के शराब घोटाले पर भाजपा ने किया महा धरना प्रदर्शन

- संवाददाता -
कोरबा, 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार का एक नया घोटाला शराब घोटाला ईडी ने प्रेस नोट जारी कर शराब बिक्री में इस सरकार द्वारा लगभग 2000 करोड़ की कमीशन खोरी कर घोटाला किए जाने का खुलासा किया है। इसके बाद प्रदेश भर में शराब दुकानों के सामने विपक्ष में बैठी भारतीय जनता पार्टी ने 11 मई को महाधरना का आयोजन किया। भाजपा के वक्ता ने कहा के छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार कोयला कमीशन से लेकर शराब घोटाला तक किया है आज छत्तीसगढ़ राज्य अंदर से खोखला हो गया है। चार साल में कांग्रेस ने राज्य की जनता को लूट लिया । गंगा जल लेकर कसम खाने वाली कांग्रेस सरकार आज पूरी तरह से फैल हो गई है।

## मधुमक्खियों के हमले से बचने के दौरान एक मजदूर की मौत

- संवाददाता -
कोरबा, 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

कोरबा शहर में सुबह उस वक्त हंगामा हो गया जब एक स्कूल के छत से एक मजदूर के गिरने से मौत हो गई वही छः लोग घायल हो गए द्य जानकारी अनुसार सुबह दयानंद पब्लिक स्कूल कोसाबाड़ी के छत पर मजदूर काम कर रहे थे तभी वहां पास ही बने मधुमक्खी के छत्ते में से मधुमक्खी आस पास के मजदूर पर हमला कर दिया जिस पर मजदूर मधुमक्खियों से बचने के लिए इधर उधर भागने लगे जिस पर एक मजदूर जो किनारे पर काम कर रहा था बीस फीट के ऊंचाई से गिर गया जिस पर उसकी मौत हो गई वहीं मधुमक्खियों ने छः लोगों को घायल कर दिया। जिस पर उन्हें आस पास के लोगों की मदद से अस्पताल में उपचार के लिए भेजा गया साथ ही मामले की जानकारी कोरबा सिविल लाइन रामपुर को दी गई जिस पर तत्काल पुलिस मौके पर पहुंच कर मामले पर कार्यवाही करते हुए मृतक के परिजनों को इस घटना की जानकारी दी गई । जानकारी के मुताबिक जिस मजदूर की मौत हुई है उसका नाम गोपाल जलतारे (41) निवासी सर्वमंगला नगर बताया गया है।

# खनिज विभाग द्वारा अवैध खनिज परिवहन पर लगातार की जा रही है कार्यवाही

- संवाददाता -
कोरबा,11 मई 2023 (घटती-घटना)।




खनिज विभाग कोरबा द्वारा गठित संयुक्त जांच दल एवं टास्क फोर्स के माध्यम से जिले अंतर्गत मुख्य खनिजों के साथ-साथ गौण खनिज रेत एवं अन्य खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण में कार्यवाही करते हुये विगत वर्ष 2022-2023 में कुल 259 प्रकरण दर्ज कर आरोपित अर्थदंड की राशि 49,99,385.00 रूपये शासन के राजस्व शीर्ष में जमा कराया गया है, साथ ही माह मार्च 2023 में खनिज - रेत परिवहन में विभाग द्वारा कोरबा जिला अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों भ्रमण कर ग्राम उरगा, रिसदी चौक, सीतामढ़ी, बरहमपुर, राताखार, बुधवारी चौक, रजगामार, इंडस्ट्रियल एरिया, रलिया, कुदुरमाल, लखनपुर, भटोरा, कटबितला, बरीडीह आदि क्षेत्रों से कुल 22 प्रकरण दर्ज कर अर्थदण्ड राशि 2,39,137.00 रूपये एवं माह अप्रैल 2023 में खनिज - रेत परिवहन में विभाग द्वारा कोरबा जिला अंतर्गत नगरीय निकाय क्षेत्रों एवं ग्रामीण क्षेत्रों भ्रमण कर ग्राम बगदर, फरसवानी, बरबसपुर, सरगबुंदिया, दादर, डिगापुर, उरगा, कुकरीचोली, रिस्दी, कसरेंगा, तरदा, रविशंकर नगर कोरबा, चांदनी चौक बाकीमोगरा. कटघोरा आदि क्षेत्रों से कुल 30 प्रकरण दर्ज कर अर्थदण्ड राशि 330773.00 रूपये खनिज राजस्व मद में अर्थदण्ड जमा करवाया गया है। खनिज विभाग द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया के अवैध उत्खनन संबंधी शिकायत प्राप्त होने पर तत्काल कार्यवाही की प्रक्रिया की जा रही है। नगरीय निकाय एवं

# 10 वीं, 12 वीं में जिले में टॉप होनहार विद्यार्थियों को कलेक्टर ने किया सम्मान



- संवाददाता -
कोरबा, 11 मई 2023 (घटती-घटना)।

दसवीं और बारहवी बोर्ड के नतीजें आने के साथ खुशियों में समाएं प्रतीक और ग्रेसी के लिए आज का दिन भी खुशियों से भरा रहा। जिले के गौरव इन दोनों होनहार विद्यार्थियों से मिलते ही कलेक्टर संजीव कुमार झा ने न सिर्फ उनकी पीठ थपथपाई, अपितु मिठाई खिलाकर लैपटॉप देकर उन्हें लक्ष्य हासिल करने और सफलता की राह में आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं। कलेक्टर के हाथों लैपटॉप और उनसे मिले सम्मान पर खुद को बहुत गौरवान्वित महसूस कर रहे विद्यार्थियों ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए यह लैपटॉप उनके बहुत काम आएगा। माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2023 परिणाम में कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का आज कलेक्टर संजीव कुमार झा ने सम्मान किया। उन्होंने हाई स्कूल बोर्ड परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतीक शर्मा अंक प्रतिशत 96.67 एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल परीक्षा में 95 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्रा ग्रेसी पोर्ते को लैपटॉप प्रदान कर शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित किया और मिठाई खिलाकर बधाई दी। कलेक्टर श्री झा ने इस अवसर पर कहा कि शिक्षा के प्रति जागरूक होकर आगे भी इसी तरह सफलता अर्जित करें और जो लक्ष्य है उसे प्राप्त करें। उन्होंने विद्यार्थियों के माताओं के योगदान की सराहना करते हुए उनके पालकों को भी सम्मानित किया। हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा 2023 परिणाम में कोरबा जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों ने कलेक्टर श्री झा से मुलाकात के दौरान अपनी-अपनी अध्ययन तथा लक्ष्य और रूचियों को साझा किया। कलेक्टर ने उन्हें कैरियर संबंधी मार्गदर्शन भी दिए। इस दौरान दसवीं कक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले जिले के होनहार छात्र प्रतीक शर्मा ने कहा कि वह प्रशासनिक सेवा में जाना चाहता है और आईएएस बनकर देश की सेवा करना चाहता है। कक्षा बारहवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली मेधावी छात्रा कु. ग्रेसी पोर्ते ने बताया कि वह बैंक अफसर बनना चाहती है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज भी उपस्थित थे।

**न्यायालय तहसीलदार बलरामपुर, जिला बलरामपुर-रामानुजगंज,छ.ग**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र./अ-19/2022-23 बलरामपुर

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम बलरामपुर को सूचित किया जाता है कि कार्यपालन अभियंता, जल संसाधन विभाग, बलरामपुर के कार्यालयीन पत्र क्रमांक 262/कार्य. /30/का0/2023 बलरामपुर दिनांक 06/02/2023 के द्वारा ग्राम बलरामपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 192 रकबा 1.400 भूमि का चयन कर चयनित भूमि को जल संसाधन विभाग बलरामपुर के कार्यालय भवन हेतु आबंटित किये जाने हेतु पत्र प्राप्त हुआ है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति एवं संस्था को किसी भी प्रकार से कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय में उपस्थित होकर दिनांक 22/05/2023 तक अपना दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समय-सीमा गुजर जाने के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से आज दिनांक 09/05/2023 को जारी।

सील | तहसीलदार बलरामपुर

**न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ0ग0**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र.202305021200010 /अ-20(3)/2022-23

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है, कि आवेदक दिनेश प्रताप सिंह ठाकुर आ0 स्व0 ईश्वरी सिंह ठाकुर जाति राजपूत निवासी एम0आई0जी0 14 राजेन्द्र प्रसाद नगर फेस-1 कोसा बाड़ी कोरबा, तहसील कोरबा, जिला-कोरबा (छ0ग0) एवं अन्य-09 के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की मोहल्ला अंधारी बगीचा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 08 स्थित नजूल प्लाट नम्बर 1145/1 रकबा 3813.3 वर्गफीट को रूपये- 20,00,000-00 में अनावेदक विनय मोहन पराशर आ0 बद्री प्रसाद पराशर जाति जायसवाल निवासी मकान नम्बर 267 सरगबुंदिया बरपाली, कोरबा, जिला कोरबा छ0ग0 के पास बिक्रय करने की अनापत्ति हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र एवं मेन्टनेन्स खसरा की छायाप्रति पेश की गई है।

उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा अथवा आपत्ति हो तो वे अपना लिखित दावा/आपत्ति स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 31/05/2023 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 08/05/2023 को मेरे न्यायालयीन मुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील | नजूल अधिकारी अम्बिकापुर

**न्यायालय कलेक्टर,जिला-सरगुजा (अम्बिकापुर) छत्तीसगढ़**

रा.प्र.क्र.202111020300004 /अ-20(1)/2021-22

क्रमांक 1010/वाचक/कलेक्टर/2022 | अम्बिकापुर दिनांक 07/11/22

**ईश्तहार सूचना पत्र**

पुनरीक्षणकर्ता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, नमनाकला एवं समस्त नमनाकला अम्बिकापुर के स्थानीय लोकजन जिला सरगुजा (छ.ग.) द्वारा अधीनस्थ न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर के रा0प्र0क्र0 09/अ-20/20-21 कथोलिक ईसाई समाज प्रति हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी व अन्य में पारित आदेश दिनांक 22/10/21 के विरूद्ध राजस्व पुनरीक्षण अंतर्गत धारा 50 छ0ग0 भू राजस्व संहिता के तहत इस न्यायालय में पुनरीक्षण प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त प्रकरण में नीचे तालिका में उल्लेखित आपत्तिकर्तागण के इस न्यायालय में उपस्थिति के लिये प्रकरण दिनांक 18/05/2023 नियत है।

अतः सभी आपत्तिकर्तागण को सूचित किया जाता है कि वे स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से नियत तिथि दिनांक 18/05/2023 को इस न्यायालय में दोपहर 2.00 बजे अनिवार्यरूप से उपस्थित होगें। नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित नहीं होने पर आपत्तिकर्तागण के विरूद्ध प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही कर अग्रिम कार्यवाही किया जावेगा।

| स.क्र. | नाम | निवासी | तहसील |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्रेस मिशन चर्च द्वारा पास्टर अरविंद कच्छप | ठाकुरपुर | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |
| 2 | एसी.एन.आई.चर्च द्वारा रेवरेट प्रणय टोप्पो | फुन्दुरडिहारी | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |
| 3 | अनंत जीवन मां.चर्च द्वारा पास्टर मुक्ति प्रकाश लकड़ा | नवापारा | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |
| 4 | चर्च आफ खाइस्ट द्वारा पास्टर इशबेल टोप्पो | मुक्तिपारा | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |
| 5 | मार्थोमा चर्च द्वारा पास्टर राहुल कुमार | बाबूपारा | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |
| 6 | जायोन चर्च द्वारा पास्टर अविनाश तिग्गा | गोधनपुर | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |
| 7 | दि फादर हाउस चर्च द्वारा पास्टर संदीप भगत | सुभाषनगर | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |
| 8 | गतसमनी चर्च, द्वारा पास्टर डी0सी0 तिर्की | फुन्दुरडिहारी | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |
| 9 | नार्थ वेस्टर्न जी.ई.एस. चर्च द्वारा रेब्हरेंट शशिभूषण कुजूर | महुआपारा | अम्बिकापुर जिला सरगुजा,छ.ग. |

प्रभारी अधिकारी
(कले0वाचक शाखा)
जिला सरगुजा,छ0ग0

# मुंबई इंडियन्स और गुजरात टाइटंस के बीच होगा रोमांचक मुकाबला


## आईपीएल के मौजूदा सत्र में पहली बार मुंबई इंडियन्स की टीम प्रभावी नजर आ रही

**मुंबई ,11 मई 2023।** आत्मविश्वास से भरी मुंबई इंडियन्स की टीम इंडियन प्रीमियर लीग के महत्वपूर्ण मुकाबले में शुक्रवार को यहां जब अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहे गत चैंपियन गुजरात टाइटंस के सामने होगी तो दोनों के बीच रोमांचक मुकाबले की उम्मीद है। आईपीएल के मौजूदा सत्र में पहली बार मुंबई इंडियन्स की टीम प्रभावी नजर आ रही है और यहां रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर (आरसीबी) को छह विकेट से हराकर अंक तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गई। मुंबई ने आरसीबी के 200 रन के लक्ष्य को 17 ओवर के भीतर ही हासिल कर लिया जो दर्शाता है कि टीम का बल्लेबाजी क्रम कितना मजबूत है।

टीम ने हालांकि नेट रन रेट में इजाफा करने के लिए लगातार दूसरे मैच में बल्लेबाजी क्रम में बदलाव किया। टीम के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज और कप्तान रोहित शर्मा खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं और पिछली पांच पारियां में दोहरे अंक में भी पहुंचने में नाकाम रहे हैं लेकिन इसके बावजूद मुंबई के बल्लेबाजों ने वानखेड़े स्टेडियम में तीन प्रयास में दो बार 200 या इससे अधिक के लक्ष्य को हासिल किया। यहां तक कि पंजाब किंग्स के खिलाफ भी मुंबई ने 215 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 201 रन बनाए थे। मुंबई के लिए मौजूदा सत्र में सबसे बड़ी चिंता रोहित की फॉर्म नहीं बल्कि टीम की गेंदबाजी है। टीम के खिलाफ लगातार चार मैच में 200 से अधिक रन बने जबकि आरसीबी की टीम भी 199 रन बनाने में सफल रही।
पिछले तीन मैच में विरोधी टीमों ने सपाट विकेट और बल्लेबाजी के अनुकूल हालात का फायदा उठाते हुए मुंबई इंडियन्स के खिलाफ आठ विकेट पर 214, सात विकेट पर 212 और छह विकेट पर 199 रन बनाए और गुजरात टाइटंस की नजरें भी बड़े स्कोर पर टिकी होंगी। मुंबई की टीम ने आरसीबी के खिलाफ बीच के ओवरों में अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन गुजरात टाइटंस के पास आरसीबी के विपरीत निचले क्रम में फॉर्म में चल रहे बल्लेबाज हैं। सूर्यकुमार यादव की 35 गेंद में 83 रन की पारी और नेहल वढेरा के दूसरे अर्धशतक से मुंबई इंडियन्स ने आरसीबी के खिलाफ आसान जीत दर्ज की लेकिन टीम को पता है कि वे शीर्ष पर चल रहे गजरात टाइटंस के खिलाफ कोई कोताही नहीं बरत सकते।
सूर्यकुमार की फॉर्म में वापसी मुंबई के लिए सबसे सकारात्मक चीज है जबकि इशान किशन, कैमरन ग्रीन, टिम डेविड और तिलक वर्मा ने भी टीम के लिए उपयोगी पारियां खेली



हैं। यह देखना होगा कि वर्मा शुक्रवार को होने वाले मुकाबले के लिए फिट होते हैं या नहीं। मैच में काफी कुछ हालांकि इस पर भी निर्भर करेगा कि मुंबई के बल्लेबाज गुजरात के अफगानिस्तान के दो स्पिनरों राशिद खान और नूर अहमद के आठ ओवरों में कैसा प्रदर्शन करते हैं। गुजरात ने 11 में से आठ मुकाबले जीते हैं और प्ले ऑफ में जगह बनाने की दहलीज पर खड़ी है।
कप्तान हार्दिक पंड्या और आशीष नेहरा इस साल भी खिलाड़ियों की सफलता के लिए अनुकूल माहौल तैयार करने में सफल रहे हैं जिससे टीम लगातार दूसरे साल खिताब की मजबूत दावेदार के रूप में उभरी है। गुजरात टाइटंस ने इस साल विरोधी के मैदान पर कोई मैच नहीं गंवाया है और उसे अब तक तीनों हार अहमदाबाद के अपने घरेलू मैदान पर मिली हैं। शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा की गुजरात की सलामी जोड़ी अच्छी फॉर्म में है और बड़ा स्कोर खड़ा करने का मंच तैयार कर रही है। हार्दिक और डेविड मिलर ने भी बल्ले से प्रभावित किया है जबकि निचले क्रम में राहुल तेवतिया की मौजूदगी बल्लेबाजी को मजबूत करती है।
टीम इस प्रकार हैंः मुंबई इंडियंसःरोहित शर्मा (कप्तान), जोफ्रा आर्चर, अरशद खान, जेसन बेहरेनडोर्फ, डेवाल्ड ब्रेविस, पीयूष चावला, टिम डेविड, राघव गोयल, कैमरन ग्रीन, इशान किशन, डुआन जेनसन, क्रिस जोर्डन, कुमार कार्तिकेय, आकाश मधवाल , रिले मेरेडिथ, शम्स मुलानी, रमनदीप सिंह, संदीप वारियर, ऋतिक शौकीन, ट्रिस्टन स्टब्स, अर्जुन तेंदुलकर, तिलक वर्मा, विष्णु विनोद, नेहल वढेरा और सूर्यकुमार यादव। गुजरात टाइटन्सः हार्दिक पंड्या (कप्तान), शुभमन गिल, डेविड मिलर, अभिनव मनोहर, साई सुदर्शन, रिद्धिमान साहा, मैथ्यू वेड, राशिद खान, राहुल तेवतिया, विजय शंकर, मोहम्मद शमी, अल्जारी जोसेफ, यश दयाल, प्रदीप सांगवान, दर्शन नालकंडे, जयंत यादव, आर साई किशोर, नूर अहमद, दासुन शनाका, ओडियन स्मिथ, केएस भरत, शिवम मावी, उर्विल पटेल, जोशुआ लिटिल और मोहित शर्मा। समयः मैच शाम 7:30 बजे से खेला जाएगा।




# अंतर्राष्ट्रीय कबड्डी की वापसी,दक्षिण कोरिया में होने वाली है एशियन कबड्डी चैंपियनशिप

**नई दिल्ली ,11 मई 2023।** एशियन कबड्डी चैंपियनशिप 2023 की तारीखें जारी कर दी गई हैं। टूर्नामेंट 27 से 30 जून तक आयोजित किया जाएगा। चैंपियनशिप आयोजित करने के लिए बुसान, दक्षिण कोरिया को मेजबान देश के रूप में चुना गया है।
छह साल के अंतराल के बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कबड्डी की वापसी के साथ प्रशंसकों और खिलाड़ियों का इंतजार खत्म हो गया है।
एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप का आखिरी संस्करण 2017 में गोरगन, ईरान में आयोजित किया गया था। टूर्नामेंट के इस संस्करण को कोई भी भारतीय कभी नहीं भूल सकता क्योंकि फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच खेला गया था।
2017 एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के फाइनल में टीम इंडिया ने पाकिस्तान टीम को 36-22 से हराकर जीत हासिल की।
पूर्व कप्तान अनूप कुमार ने 2017 में टीम इंडिया को गौरवान्वित किया। वह अब प्रो कबड्डी लीग में पुनेरी पल्टन कबड्डी टीम के कोच हैं।
जैसा कि यह खड़ा है, भारतीय कबड्डी टीम प्रतियोगिता के मौजूदा चैंपियन के रूप में बुसान में प्रवेश करेगी।
कुश्ती, मुक्केबाजी और क्रिकेट के साथ-साथ कबड्डी एक ऐसा खेल है जिसमें भारतीय भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हैं।
जैसा कि इस तथ्य से स्पष्ट है कि 1980 में एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के शुरू होने के बाद से भारत पिछले आठ संस्करणों में सात स्वर्ण पदक जीतकर सबसे सफल देश बन गया है।
केवल ईरान ही टीम इंडिया की इस लकीर को तोड़ने में कामयाब रहा है क्योंकि उसने 2003 में एक बार चैंपियनशिप जीती थी।
महिला वर्ग में भी, राष्ट्र को गर्व है क्योंकि महिला कबड्डी टीम भी डिफेंडिंग चैंपियन है क्योंकि उन्होंने 2017 में अंतिम ईरान में दक्षिण कोरिया को 42-20 से हराया था।
भारतीय महिला कबड्डी टीम सबसे सफल टीमों में से एक के रूप में प्रसिद्ध है क्योंकि उन्होंने एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के पिछले पांच संस्करणों में चार स्वर्ण पदक जीते हैं।
केवल दक्षिण कोरियाई महिला कबड्डी टीम ही एक बार खिताब जीतने में सफल रही।
तीन अनुभवी कोच आशान कुमार, ई. भास्करन और संजीव बालियान एशियन चैंपियनशिप टीम की कमान संभालेंगे और टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन करेंगे।
एशियाई कबड्डी चैंपियनशिप के लिए बुसान जाने वाली भारतीय पुरुष कबड्डी टीम का ट्रायल 17 मई को पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में होगा।
एशियन कबड्डी चैंपियनशिप 2023 संभावित पुरुष खिलाड़ी
राकेश, विजय, दुर्गेश कुमार, मोहित, नितेश कुमार, शुभम कुमार, सुरेंद्र गिल, जयदीप, मीतू, मोहित, मोहित गोयत, प्रदीप, सौरभ, सुरेंद्र नाडा, विशाल भारद्वाज, सागर बी कृष्ण, अक्ष संतोष शिंदे, असलम इनामदार, शंकर भीमराज गादी, गिरीश एर्नाक, पंकज मोहिते, शुभम, सिद्धार्थ देसाई, मनिंदर सिंह, नितिन रावल, परवेश, पवन कुमार, रविंदर पहल, सुनील कुमार, विकास, दीपक हुड्डा, सचिन, अर्जुन देसवाल, महेंद्र सिंह, मनजीत, नवीन कुमार, सुरजीत, अभिषेक मनोकरण, अबिनेश नादराजन, अभिषेक, रोहित तोमर।

# फोगनीनी ने मरे को हराया,वावरिंका भी जीते

**रोम ,11 मई 2023।** फाबियो फोगनीनी ने 35 साल के दो खिलाड़ियों के बीच हुए मुकाबले में एंडी मरे को लगभग तीन घंटे में हराकर इटैलियन ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में जगह बनाई। पैर की चोट के कारण एक महीने तक बाहर रहने के बाद वाइल्ड कार्ड से टूर्नामेंट में प्रवेश करने वाले फोगनीनी ने मरे को6-4, 4-6, 6-4 से हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। फोगनीनी ने मरे के 24 के मुकाबले 49 विनर लगाए। एक अन्य अनुभवी खिलाड़ी स्टेन वावरिंका को इल्या इवाश्का को 6-2, 6-4 से हराने के लिए अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। बारिश के कारण यह मुकाबला 90 मिनट के विलंब से शुरू हुआ।



वावरिंका 38 साल के हैं और टूर्नामेंट में हिस्सा ले रहे सबसे अधिक उम्र के खिलाड़ी हैं। एलेक्सांद्र बुबलिक, क्रिस्टियन गेरिन, मार्टन फुकसोविक्स और सबेस्टियन बेइज भी जीत दर्ज करने में सफल रहे। चीन के यू यिबिंग ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फ्रांस के अनुभवी खिलाड़ी रिचर्ड गास्केट को 3-6, 6-3, 6-3 से हराया। महिला वर्ग में लेसिया सुरेंको ने दो बार की चैंपियन यूक्रेन की हमवतन एलिना स्वितोलिना को हराकर बाहर का रास्ता दिखाया। स्लोएन स्टीफंस ने नादिया पोडोरोस्का को 6-4, 6-1 से शिकस्त दी और अगले दौर में उनकी भिड़ंत 14वीं वरीय विक्टोरिया अजारेंका से होगी।

# मुंबई नाइट एफसी के सामने अंतिम ग्रूप मैच में गोकुलम केरला एफसी की कड़ी चुनौती

**अहमदाबाद ,11 मई 2023।** ग्रूप ए तालिका में चौथे स्थान पर खिसकने के बाद मुंबई नाइट्स एफसी को भारतीय महिला फुटबॉल लीग (आईडब्ल्यूएल) 2023 के अपने अंतिम ग्रुप मैच में मौजूदा चैंपियन गोकुलम केरला एफसी की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा।
मुंबई नाइट्स को अपने पिछले मैच में हॉप्स एफसी के खिलाफ 0-2 से हार का सामना करना पड़ा और अन्य परिणामों के साथ उनकी हार का मतलब है कि वे ग्रुप ए तालिका में पांच मैचों में 10 अंकों के साथ चौथे स्थान पर खिसक गए हैं।
मुंबई नाइट्स ने कहानी एफसी और माता रुक्मणी एफसी के खिलाफ बैक-टू-बैक 1-0 की जीत के साथ अपने आईडब्ल्यूएल 2023 अभियान की प्रभावशाली शुरूआत की। उन्होंने मिसाका यूनाइटेड एफसी के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ किया और फिर ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ 4-2 से हार गए। उन्हें स्पोर्ट्स ओडिशा के खिलाफ एक प्रभावशाली



जीत मिली जहां उन्होंने 1-0 से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए 2-1 से जीत दर्ज की।
स्पोर्ट्स ओडिशा ने ईस्ट बंगाल एफसी के खिलाफ 2-1 से जीत दर्ज की और हॉप्स एफसी ने भी मुंबई नाइट्स के खिलाफ 2-0 से जीत दर्ज की, महाराष्ट की टीम अब खुद को तालिका में चौथे स्थान पर पाती है। हॉप्स एफसी दूसरे और स्पोर्ट्स ओडिशा 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है।इस बीच, ईस्ट बंगाल एफसी 10 अंकों के साथ तालिका में पांचवें स्थान पर है और मिसाका यूनाइटेड एफसी 9 अंकों के साथ छठे स्थान पर है। फाइनल मैच के दिन, 5 टीमों के पास शेष तीन स्थानों के लिए क्वालीफाई करने का मौका रहेगा।
मुंबई नाइट्स की मुख्य कोच रुतुजा गुनवंत ने अलग-अलग फॉर्मेशन आजमाए हैं और सभी छह मौकों पर टीम को रोटेट किया है। अंतिम एकादश को उनके अंतिम ग्रुप ए मैच में सही करना महत्वपूर्ण होगा क्योंकि यह गत चैंपियन के खिलाफ उनके चरित्र की सच्ची परीक्षा होगी। प्रणिता, रितु, आफरीन, वीके श्रुतिलक्ष्मी और मानसी का बैक फाइव इस मैच में एक ठोस डिफेंस हो सकता है।

# केवल 14 दिनों के साथ खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2023 भव्य उद्घाटन के लिए तैयार

**लखनऊ ,11 मई 2023।** खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स उत्तर प्रदेश 2023 के तीसरे संस्करण के लिए जाने के लिए केवल 14 दिनों के साथ, उत्तर प्रदेश में तैयारी अंतिम चरण में पहुंच गई है। 25 मई को सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों और अधिकारियों की उपस्थिति में लखनऊ में बाबू बनारसी दास (बीबीडी) विश्वविद्यालय में खेलों का भव्य उद्घाटन समारोह आयोजित किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव, खेल एवं युवा कल्याण, उत्तर प्रदेश सरकार, नवनीत सहगल ने उद्घाटन समारोह स्थल का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों और एजेंसियों को 15 मई तक सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए. सहगल ने बुधवार को समापन समारोह स्थल वाराणसी का भी दौरा किया. चल रही तैयारियों का जायजा लिया। उन्होंने कहा, उत्तर प्रदेश में होने वाले खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स खेलो इंडिया गेम्स संस्करण का अब तक का सबसे भव्य आयोजन होगा। पूरा भारत यूपी में खेलेगा और पूरी दुनिया देखेगी। इसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होंगे जो इसमें शामिल होंगे।÷ उद्घाटन समारोह के दौरान जगह। पूरा बीबीडी खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी के रंग में नजर आएगा। हर तरफ खेलों की ब्रांडिंग होगी। बाबू बनारसी दास विश्वविद्यालय में 800 महिलाओं और 400 पुरुषों के लिए छात्रावास तैयार किए गए हैं। खिलाड़ियों की सुविधा के लिए बीबीडी में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा और इसका नंबर छात्रावास के सभी कमरों में चस्पा किया जाएगा, ताकि खिलाड़ी किसी भी समय इस पर कॉल कर जानकारी प्राप्त कर सकें। पीने के पानी की व्यवस्था से लेकर आगंतुकों के लिए पार्किंग स्थल तक, सब कुछ ठीक से व्यवस्थित किया जाएगा। खिलाड़ियों की सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम होंगे।

# मार्क ऐतिहासिक 1000वीं जीपी में पूरी ताकत वाली रेप्सोल होंडा टीम में लौटे

**यूगांडा ,11 मई 2023।** मार्क मार्केज़ रेप्सोल होंडा टीम को पुर्नस्थापित करने और जोन मीर में फिर से शामिल होने के लिए अपनी बहुप्रतीक्षित वापसी करते हैं, दोनों एक मील के पत्थर की घटना के दौरान स्थिर सप्ताहांत की तलाश में हैं।
पुर्तगाल में अपने दाहिने हाथ पर पहला मेटाकार्पल तोड़ने के बाद, मार्क मार्केज़ फ्रांस में अपनी रेप्सोल होंडा टीम आरसी 213व्ही रेसिंग करने के लिए वापस आएंगे। तीन अलग-अलग मेडिकल टीमों के साथ परामर्श करने के बाद, सभी शामिल हड्डी के उपचार से संतुष्ट हैं और नंबर 93 फ्रांस में वापस ट्रैक पर आ जाएगा। सप्ताहांत का प्राथमिक फोकस ग्रैंड प्रिक्स सप्ताहांत के प्रवाह में वापस आना और वहां से शुरू करना होगा जहां मार्केज़ और होंडा आरसी 213व्ही ने छोड़ा था। ले मैंस में प्रीमियर वर्ग में मार्केज़ तीन मौकों पर पोडियम के शीर्ष चरण पर खड़ा हुआ है। एक व्यस्त पोस्ट-रेस टेस्ट पूरा होने के बाद, जोआन मीर निरंतरता और सुधार पाने के लिए उत्सुक ले मैन्स में



आता है। परीक्षण और शुरुआती दौड़ के दौरान अपनी क्षमता दिखाने के बाद, इसमें कोई संदेह नहीं है कि मीर और होण्डा आरसी 213व्ही के पास मुट्ठी भर कोशिशों के बाद देने के लिए बहुत कुछ है। एक सुसंगत सप्ताहांत को एक साथ रखना मीर का प्राथमिक ध्यान होगा, जो सभी ट्रैक समय का अधिकतम लाभ उठाएगा। ले मैन्स में हमेशा की तरह, मौसम में किसी भी सप्ताहांत के ज्वार को बदलने की क्षमता होती है, लेकिन जेरेज़ में चिलचिलाती परिस्थितियों की तुलना में पूर्वानुमानित ठंडी स्थिति नंबर 36 के अनुरूप होनी चाहिए।
2023 वर्ल्ड चैंपियनशिप के पांचवें राउंड में ग्रां प्री मोटरसाइकिल रेसिंग एक ऐतिहासिक दहलीज को पार करती है, फ्रेंच जीपी 1000वां इवेंट होने वाला है। 1949 से, दुनिया भर के निर्माता और सवार दोपहिया रेसिंग में सर्वोच्च सम्मान के लिए प्रतिस्पर्धा करना शुरू कर देंगे। होंडा और ग्रांड प्रिक्स रेसिंग के इतिहास को होंडा के साथ जोड़ा गया है और आज तक सभी ग्रैंड प्रिक्स कक्षाओं में 817 जीत हासिल की है।पूरी शक्ति वाली रेपसोल होंडा टीम शुक्रवार, 12 मई को स्थानीय समयानुसार 10:45 बजे फ्री प्रैक्टिस 1 पर वापस ट्रैक पर आ जाएगी।

# अर्जुन रामपाल तेलुगु डेब्यू के लिए तैयार

अर्जुन रामपाल बॉलीवुड के बेहतरीन अभिनेताओं में सूची में शुमार हैं। बॉलीवुड में नाम कमाने के बाद अर्जुन तेलुगु सिनेमा में कदम रखने के लिए तैयार हैं। वह जल्द नंदामुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाते नजर आएंगे। हालांकि, अभी इसके शीर्षक का ऐलान नहीं



हुआ है। अर्जुन हैदराबाद में फिल्म की शूटिंग के लिए अन्य कलाकारों के साथ शामिल हो गए हैं। साहू गरापति और हरीश पेड्डी द्वारा निर्मित यह फिल्म इसी साल दशहरे पर रिलीज होगी।
नंदामुरी बालकृष्ण की अगली फिल्म में अर्जुन के साथ बालकृष्ण और अनिल रविपुडी भी अहम भूमिकाओं में हैं। इसके साथ निर्माताओं ने बुधवार को अर्जुन का नया पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, टीम एनबीके108 प्रतिभाशाली राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता अभिनेता अर्जुन रामपाल का उनके तेलुगू डेब्यू में विरोधी के रूप में स्वागत करती है। एनबीके108 की टीम ने अर्जुन का एक वीडियो भी साझा किया है, जिसे देख अभिनेता के प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर साझा करते हुए, अभिनेता अर्जुन रामपाल ने ट्वीट किया, ÷मुझे लेने के लिए धन्यवाद। अत्यधिक उत्तेजित। यह बहुत मजेदार होने वाला है अर्जुन रामपाल ने एक मजेदार वीडियो भी शेयर किया, जिसका कैप्शन उन्होंने लिखा, सिम्हा मुंधु कंडु, बांसुरी बजाने से शेर नहीं डरता। टीम द्वारा जारी किए गए वीडियो में, अभिनेता को बालकृष्ण के डायलॉग बोलते हुए देखा जा सकता है। फिल्म में काजल अग्रवाल और श्रीलीला भी हैं। शाइन स्क्रीन के बैनर तले साहू गरपति और हरीश पेड्डी द्वारा बड़े पैमाने पर निर्मित। एनबीके108 दशहरे पर सिनेमाघरों की शोभा बढ़ाएगा। आखिरी बार धाकड़ में देखे गए, अभिनेता अर्जुन रामपाल की किटी में कई प्रोजेक्ट हैं, जैसे कि द बैटल ऑफ भीमा कोरेगांव, हरि हारा वीरा मल्लू, क्रैक, नास्तिक, 3 मंकी और बहुत कुछ।

# गोल्डन गर्ल बनी नजर आईं आमना शरीफ

छोटे पर्दे से अपनी पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस आमना शरीफ आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। एक्टिंग के साथ साथ एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं। आमना शरीफ इन लेटेस्ट फोटोज में बेहद ही स्टाइलिश और कातिलाना नजर आ रही हैं। गोल्डन शिमरी ड्रेस में एक्ट्रेस आमना शरीफ बेहद ही ग्लैमरस और बोल्ड नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस इस वन पीस में बेहद ही हॉट लग रही हैं। साथ ही उनकी कातिलाना अदाएं देखकर फैंस बेकाबू हो रहे हैं। एक्ट्रेस आमना शरीफ के इस लुक को देखकर फैंस लगातार कमेंट्स कर रहे हैं। साथ ही फैंस उनकी तस्वीरों को लाइक्स कर रहे हैं। एक्ट्रेस आमना शरीफ ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं। एक्ट्रेस इन दिनों अपनी तस्वीरों के चलते सुर्खियों में हैं और सोशल मीडिया का तापमान बढ़ाने में हैं। फैंस उनकी तस्वीरों के लिए बेताब रहते हैं। आमना शरीफ अपने फैंस के लिए निजी और प्रोफेशनल पलों को साझा करती रहती हैं।
आमना शरीफ एक भारतीय अभिनेत्री है, जो टेलीविज़न और फिल्म इंडस्ट्री में काम करती है। वह टीवी सीरियल कहीं तो होगा में कशिश गरेवाल और कसौटी जिंदगी की 2 में कोमोलिका की भूमिका निभाने के लिए जानी जाती हैं। इसके अलावा वह कई हिंदी फिल्मो में भी दिखाई दी है।



# विजय देवरकोंडा के फिल्म वीडी 12 का नया पोस्टर जारी

अभिनेता विजय देवरकोंडा आजकल अपनी आने वाली फिल्म कुशी की शूटिंग में व्यस्त हैं। इसमें वह साउथ अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु के साथ नजर आएंगे। इसके अलावा कुछ समय पहले विजय ने अपनी फिल्म वीडी12 का ऐलान किया था। हालांकि, अभी इसके शीर्षक की घोषणा होना बाकी है। निर्माताओं ने विजय के खास



मौके पर वीडी12 का नया पोस्टर जारी कर दिया है, जिसका निर्देशन गौतम तिन्ननुरी कर रहे हैं। गौतम ने अपने आधिकारिक ट्विटर पर फिल्म वीडी12 का पोस्टर साझा किया है। इसके कैप्शन में उन्होंने लिखा, आपको जन्मदिन की ढेर सारी शुभकामनाएं विजय। आप दुनिया में सभी सफलता और प्यार के पात्र हैं। कुशी के ब्लॉकबस्टर होने की कामना और हम दौड़ जारी रखते हैं। इस फिल्म की शूटिंग जून, 2023 में शुरू होने वाली है। वीडी12 का निर्माण नागा वामसी एस और साई सौजन्य द्वारा किया जा रहा है।



# जाह्नवी कपूर ने किया अपनी नई फिल्म उलझ का ऐलान,जल्द शुरू होगी शूटिंग

बॉलीवुड अभिनेत्री जान्हवी कपूर ने कई हिंदी फिल्मों में काम किया है। अब उनकी एक और नई फिल्म का एलान हो चुका है। जल्द ही वह राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता सुधांशु सरिया द्वारा अभिनीत उलझ में नजर आएंगी। फिल्म के मेकर्स ने आज बुधवार को यह घोषणा की है कि जान्हवी थ्रिलर फिल्म उलझ में अभिनय करेंगी। जंगली पिक्चर्स द्वारा निर्मित फिल्म में जान्हवी के अलावा गुलशन देवैया और रोशन मैथ्यू भी हैं।
मेकर्स ने पोस्ट साझा करते हुए फिल्म और स्टार कास्ट की जानकारी दी है। फिल्म में राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी भी अहम रोल में नजर आएंगे। यह फिल्म देशभक्ति पर आधारित होगी और इसकी शूटिंग इस महीने के आखिर में शुरू होगी। फिल्म में जान्हवी एक इंडियन फॉरेन सर्विस की ऑफिसर बनेंगी।फिल्म के बारे में बात करते हुए जान्हवी कपूर ने कहा कि जब मुझे उलझ की स्क्रिप्ट के साथ अप्रोच किया गया तो इसने मुझे तुरंत आकर्षित कर लिया। एक एक्ट्रेस के रूप में मैं लगातार ऐसी स्क्रिप्ट्स की तलाश में रहती हूं, जो मुझे मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर करे और कुछ अलग करने का मौका मिले।
फिल्म में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए जान्हवी ने कहा कि जैसा कि फिल्म के नाम से पता चलता है कि मेरे किरदार और कहानी में बहुत सारी परतें, भावनाएं और पैरामीटर हैं, जो चुनौतीपूर्ण और रोमांचक है। सुधांशु द्वारा परिकल्पित इस नई भूमिका में दर्शक मुझे देखकर रोमांचित हैं, जिनके पास इस शैली को समझने के लिए एक नया दृष्टिकोण है। मैं इस तरह के प्रतिभाशाली सह-अभिनेताओं और जंगली पिक्चर्स जैसे डेवलपमेंट स्टूडियो के साथ पहली बार काम करने के लिए उत्सुक हूं।

CMYK

# छत्तीसगढ़ शराब घोटाला को लेकर,ईडी ने लगाया बड़ा आरोप

» ईडी ने आरोप लगाया कि राज्य के महत्वपूर्ण विभागों और राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के उच्च-स्तरीय प्रबंधन के माध्यम से अवैध रिश्वत एकत्र करके बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी आपराधिक सिंडिकेट छत्तीसगढ़ में संचालित हो रहा था...




**रायपुर,11 मई 2023(ए)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को आरोप लगाया कि आईएएस अनिल टुटेजा 2000 करोड़ रुपये के शराब घोटाले के मास्टरमाइंड हैं। ईडी ने आरोप लगाया कि उद्योग और वाणिज्य विभाग में संयुक्त सचिव अनिल टुटेजा सिंडिकेट के मास्टरमाइंड थे।
ईडी ने इससे पहले दिन में 2 आरोपियों नितेश पुरोहित और पवन ढिल्लो उर्फ पवन बंसल को गिरफ्तार किया था। ईडी ने एक विशेष पीएमएलए अदालत को बताया कि गिरफ्तार आरोपी नितेश पुरोहित ने कथित किंगपिन अनवर ढेबर के निर्देश पर आईएएस अनिल टुटेजा और पप्पू बंसल को 163 करोड़ रुपये दिए।
ईडी ने आरोप लगाया कि नकदी के रूप में अवैध धन का कलेक्शन जबरन वसूली नेटवर्क के माध्यम से किया जा रहा था। एजेंसी ने दावा किया कि सिंडीकेट का मुखिया होने के नाते अनिल अपना हिस्सा रखने के बाद, चुनाव प्रचार के लिए राजनीतिक एक्जीक्यूटिव को फाइनल वसूल किए गए अवैध धन को दे रहे थे। जिसके परिणामस्वरूप राज्य के खजाने को भारी नुकसान हुआ।
ईडी के एक सूत्र के अनुसार, जांच से पता चला कि रायपुर के मेयर के भाई अनवर ढेबर सिंडिकेट के मुख्य कलेक्शन एजेंट और फ्रंट मैन थे और टुटेजा के आदेश के अनुसार सिंडिकेट चलाते थे।
ईडी ने आरोप लगाया कि राज्य के महत्वपूर्ण विभागों और राज्य के सार्वजनिक उपक्रमों के उच्च-स्तरीय प्रबंधन के माध्यम से अवैध रिश्वत एकत्र करके बड़े पैमाने पर राज्यव्यापी आपराधिक सिंडिकेट छत्तीसगढ़ में संचालित हो रहा था।
यह कि यह सिंडिकेट राज्य सरकार के उच्च-स्तरीय अधिकारियों, निजी व्यक्तियों और राज्य सरकार के राजनीतिक अधिकारियों की मिलीभगत से बना था और चलाया जा रहा था।
जांच एजेंसी ने आईएएस अनिल टुटेजा, यश टुटेजा, अनवर ढेबर और अन्य के खिलाफ आयकर विभाग द्वारा दायर अभियोजन शिकायत के आधार पर मामले में पीएमएलए जांच शुरू की गई।


## शराब घोटाला मामले में ईडी ने आईएएस अनिल टुटेजा को बताया मास्टरमाइंड

### पप्पू ढिल्लन से 4 दिनों तक पूछताछ करेगी ईडी, रायपुर कोर्ट से मिली रिमांड

छत्तीसगढ़ में कथित 2000 करोड़ के शराब घोटाले में ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) द्वारा गिरफ्तार किए गए भिलाई के होटल व शराब कारोबारी त्रिलोक सिंह ढिल्लन उर्फ पप्पू ढिल्लन की चार दिन की ईडी रिमांड स्पेशल कोर्ट ने मंजूर कर दी है. अब अनवर ढेबर और पप्पू ढिल्लन को एक साथ कोर्ट में पेश किया जाएगा. हालांकि एक अन्य आरोपी नितेश पुरोहित उर्फ अप्पू के मामले में अभी कोर्ट ने कोई फैसला नहीं दिया है. बुधवार को जब ईडी ने अप्पू को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया था, तब उसकी तबीयत बिगड़ गई थी, उसे एम्स में भर्ती कराया गया है.
ईडी ने गुरुवार को भिलाई के होटल व शराब कारोबारी पप्पू ढिल्लन को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया. शराब घोटाले में यह तीसरी गिरफ्तारी है ढिल्लन का शराब कारोबार छत्तीसगढ़ के साथ-साथ झारखंड में भी है. उसके खिलाफ भिलाई के थाने में कई केस दर्ज हो चुके हैं. इससे पहले अनवर ढेबर और नितेश पुरोहित उर्फ अप्पू को ईडी ने गिरफ्तार किया है. स्पेशल कोर्ट ने ढेबर को पहले चार दिन फिर पांच दिन की ईडी रिमांड मंजूर की है.
कोल परिवहन में कथित लेवी के मामले के बाद अब ईडी शराब में हुए घोटाले की जांच कर रही है. इस मामले में राजधानी रायपुर के मेयर एजाज ढेबर के भाई अनवर को ईडी ने शनिवार को एक होटल से गिरफ्तार किया. इसके बाद कोर्ट में पेश कर 14 दिन की रिमांड मांगी. हालांकि, स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत ने सिर्फ चार दिन की रिमांड मंजूर की. बुधवार को जब ईडी ने रिमांड अवधि खत्म होने पर अनवर को पेश किया तो फिर रिमांड देने की मांग की. साथ ही, नितेश पुरोहित उर्फ अप्पू को भी गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया. अप्पू पर हवाला का आरोप है. कोर्ट ने अनवर की पांच दिन की रिमांड मंजूर की है. वहीं, अप्पू की तबीयत बिगड़ने के कारण उसे एम्स में भर्ती कराया गया. उसकी रिमांड के संबंध में फैसला सुरक्षित है.

## मुख्यमंत्री ने दिया बड़ा बयान

### शराब घोटाले में मेरा भी नाम जोडऩे की कोशिश कर रही ईडी



सीएम भूपेश बघेल ने गुरू वार को ईडी पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने कहा कि कथित शराब घोटाले में मेरा भी नाम जोडऩे की कोशिश हो रही है। मीडिया से चर्चा में सीएम ने कहा कि अब तक जो हमने ईडी को भाजपा के एजेंट के रूप में काम करना बताया था वह सही था। अब घोटालों में मेरा नाम भी जोडऩे की कोशिश हो रही है भाजपा ईडी को अपने अधीनस्थ संस्था के रूप में देख रही है।उन्होंने आगे कहा कि एक्साइज ड्यूटी पटाए बिना शराब बेचने का आरोप लगाया जा रहा है, लेकिन डिस्टलर अपराधी बनेंगे या गवाह बनेंगे। उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं होती। सीएम ने आगे कहा कि ईडी और डिस्टलर के बीच सांठ गांठ है, या इन डिस्टलर को भाजपा बचा रही है इस मामले में दूध का दूध और पानी का पानी होना चाहिए। इस मामले में एसीबी कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि एक्सटोशन और भ्रष्टाचार पर कार्रवाई ईडी के तहत नहीं की जा सकती। ये कार्य संघीय ढांचे के मूल भावना के विपरीत है। विधि विशेषज्ञों से हम सलाह ले रहे है। जल्द इसके खिलाफ कार्रवाई की तैयारी की जायेगी।

# छत्तीसगढ़ की इस छात्रा ने रचा इतिहास

» सातवीं में पढ़ने वाली 12 साल की नरगिस ने दसवीं में किया टॉप,

» सीएम बघेल से मांगी थी परीक्षा देने की अनुमति




**रायपुर,11 मई 2023(ए)।**
मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 12 साल की नरगिस पर जो भरोसा किया उसे उसने कायम रखा है। बालोद के स्वामी आत्मानंद स्कूल में पढ़ने वाली नरगिस खान के आग्रह पर उसे 10वीं की परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी गयी थी। संभवतः नरगिस प्रदेश की पहली बेटी है जिसने 12 वर्ष की कम उम्र में दसवीं की परीक्षा उत्तीर्ण कर इतिहास रच दिया है। इतना ही नहीं नरगिस ने कक्षा सातवीं में भी 91 फीसदी अंक हासिल किये हैं और इसी साल सातवीं और दसवीं की परीक्षायें दी हैं ।
बालोद जिले की रहने वाली नरगिस के इस संकल्प को पूरा करने में अभिभावक के रूप में साथ खड़े मुख्यमंत्री का सर उसने गर्व से ऊंचा कर दिया। बुधवार को जारी हुये दसवीं के नतीजों में नरगिस ने 90.5: अंक प्राप्त किये हैं। रिजल्ट आने के बाद बालोद विधायक संगीता सिन्हा के साथ नरगिस और अन्य मेधावी बच्चों ने मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में भूपेश बघेल से मुलाकात की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने बच्चों की उपलब्धि पर खुशी जताते हुये उज्ज्वल भविष्य की कामना की।
दरअसल बालोद जिले के आमापारा स्थित स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम स्कूल में कक्षा सातवीं में पढ़ने वाली 12 वर्षीय नरगिस खान की कक्षा दसवीं की परीक्षा में शामिल होने की इच्छा थी। नरगिस ने अपने इस सपने को पूरा करने की चाह में प्रदेश के मुख्यमंत्री से आग्रह किया था।

### ऐसे मिली अनुमति

नरगिस के आत्मविश्वास और क्षमता से प्रभावित होकर मुख्यमंत्री ने माध्यमिक शिक्षा मंडल को उचित कार्रवाई हेतु निर्देशित किया। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा मंडल ने नरगिस का मेडिकल बोर्ड के माध्यम से आईक्यू लेवल टेस्ट कराया, जिसके आधार पर कार्यपालिका एवं वित्त समिति की संयुक्त बैठक में नरगिस को स्वाध्याय परीक्षार्थी के रूप में 2023 की हाईस्कूल परीक्षा में शामिल होने की विशेष अनुमति दी गयी। नरगिस के संघर्ष का सुखद परिणाम यह हुआ कि मुख्यमंत्री के इस भरोसे पर वह खरी उतरी और उनका सर गर्व से ऊंचा कर दिया। उसे दसवीं की परीक्षा 90.50: अंक मिले और उसकी उपलब्धि ने प्रदेश को गौरवान्वित किया।

### मुख्यमंत्री से मिले मेधावी

नरगिस के साथ बालोद जिले के अन्य मेधावी बच्चों ने भी मुख्यमंत्री से मुलाकात की। बालोद जिले के शासकीय हायर सेकेंडरी, झलमला में पढ़ने वाली दिव्या साहू ने कक्षा 12वीं में पूरे प्रदेश में पांचवा स्थान प्राप्त किया है और उसे 96.4: अंक मिले हैं। इस उपलब्धि पर दिव्या ने कहा कि वह की अपने और अपनी मां के सपने पूरे करना चाहती हैं। दिव्या की मां एक मितानिन है और दिव्या की इस उपलब्धि पर उसे गर्व है। दिव्या की मां बताती है कि वह अपने बेटी को पढ़ाना चाहती और मुख्यमंत्री द्वारा मितानिनों के हित में जो निर्णय लिये गए है, इससे उनका मनोबल बढ़ा है। अब दिव्या की पढ़ाई भी आसानी से हो सकेगी। बालोद जिले के ही कक्षा 12वीं के छात्र निशांत देशमुख ने 96.2 प्रतिशत अंकों के साथ प्रदेश में छठा स्थान प्राप्त किया है। निशांत के पिता श्री धनाराम देशमुख उत्कृष्ट शिक्षक के रूप में राज्यपाल के हाथों सम्मानित हो चुके है। एक शिक्षक के रूप में अपने बेटे की उपलब्धि पर श्री धनाराम बहुत गर्वित है और बताते है कि परिवार के साथ-साथ यह प्रदेश के लिए भी सम्मान है।




## एक और केंद्रीय जांच एजेंसी पहुंची छत्तीसगढ़

» करेगी चावल घोटाले की जांच

**रायपुर,11 मई 2023(ए)।** छत्तीसगढ़ में कथित तौर पर 6 हजार करोड़ के चावल घोटाले की जांच के लिए अब एक और जांच एजेंसी ने प्रदेश में अपना डेरा डाला है। बता दें कि यह एजेंसी पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह द्वारा की गई चावल घोटाले की शिकायत की जांच करने पहुंची है। बता दें कि डॉ रमन ने प्रदेश में 6 हाजर करोड़ के चावल घोटाले का आरोप लगाया है।

### टीम में कौन-कौन हैं शामिल

केंद्रीय खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय ने चावल घोटाले की जांच के लिए 5 सदस्यीय टीम गठित की है। इस टीम में एक सदस्य एनआईसी से भी है। इस गठित टीम में एस आर मीना , राजेश कुमार पंडीर , अंकित त्यागी और राहुल हैं साथ ही एनआईसी हैदराबाद से अन्नपूर्णा को भी शामिल किया गया है। बता दें कि वह एनआईसी, आईटी हैदराबाद में टैक्निकल डायरेक्टर हैं।
जानकारी के अनुसार यह टीम कल 10 मई को राजधानी पहुंच गई है। वहीं 11 मई और 12 मई को भी छत्तीसगढ़ में रहेगी। 12 मई की शाम यह टीम लौटेगी।

### क्या है मामला

विधानसभा के बजट सत्र में डॉ रमन सिंह ने चावल घोटाले का मुद्दा उठाया था। डॉ रमन सिंह ने तब यह आरोप लगाया था कि, केंद्रीय पुल के चावल वितरण में जमकर घोटाला हुआ है। यह घोटाला क़रीब पाँच से छ हजार करोड़ का है।



## छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट में 15 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश

» उच्च न्यायालय ने जारी किया नोटिफिकेशन

**बिलासपुर,11 मई 2023(ए)।** छतीसगढ़ बिलासपुर हाई कोर्ट में गर्मियों की छुट्टी लगने वाली है। 15 मई से ग्रीष्मकालीन अवकाश घोषित कर दी गई है। हाई कोर्ट में अवकाश 15 मई से 16 जून तक के लिए है। इस बीच अवकाशकालीन जज जरुरी और पुराने मामले की सुनवाई करेंगे। ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान सभी के सिविल,क्रिमिनल और रिट केस फाइल किए जा सकेंगे। हाई कोर्ट की कार्यवाही सुबह 10ः30 बजे से शुरू होगी। वही अवकाश के बाद 12 जून को कोर्ट खुल जायेगा। लेकिन सुनवाई 16 जून से होगी।

## लाइसेंस-आरसी बनते ही अब व्हाट्सअप पर मिल जाएगी सूचना

» आरटी ओ ने वाहन के रजिस्ट्रेशन पर जारी की नयी व्यवस्था

**रायपुर,11 मई 2023(ए)।** परिवहन सेवाओं को पारदर्शी बनाने आरटीओ ने नई व्यवस्था बनाई है। अब आरसी और लाइसेंस प्रिंट होने की जानकारी वाहन मालिकों को सीधे उनके वाट्सअप पर भी भेज दी जाएगी। नई व्यवस्था के तहत घर बैठे ही आरसी- लाइसेंस नंबर, आवेदक के नाम के साथ ट्रैकिंग नंबर और आरसी- लाइसेंस प्रिंट कब हुआ और उसे कब भेजा गया यह सभी जानकारी वाट्सअप मैसेज से मिल जाएगी।
जैसा कि विदित है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश में परिवहन विभाग द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना में यह नयी सुविधा जोड़ दी गई है। जून 2021 से अब तक 19 लाख 28 हजार 916 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। इनमें 13 लाख 14 हजार 768 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा 6 लाख 14 हजार 148 ड्राइविंग लायसेंस शामिल हैं। परिवहन मंत्री द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के सुव्यवस्थित संचालन के लिए लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है।



परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा के अनुसार बताया कि अब एसएमएस के साथ-साथ वाट्सअप में भी मैसेज भेजना शुरू किया है। पहले एसएमएस के जरिए संक्षिप्त में जानकारी होती थी, जिसमें केवल आरसी- लाइसेंस नंबर के साथ ट्रैकिंग नंबर की जानकारी होती थी। नाम का उल्लेख भी नहीं होता था। अब ज्यादातर लोग वाट्सअप का उपयोग करने लगें हैं, ऐसे में आरसी प्रिंट के दौरान ही आरटीओ आवेदक के नंबर पर अब वाट्सअप करेगा। आवेदक चाहे तो घर बैठे एम परिवहन वेबसाइट के जरिए ऑनलाइन आरसी-लाइसेंस डाउनलोड भी कर सकता है।

### समय पर नहीं पहुंचा तो हेल्पलाइन पर सीधे शिकायत

आरसी प्रिंट होने के बाद बाद स्पीड पोस्ट के जरिए सप्ताहभर के भीतर अगर आरसी नहीं मिला तो परिवहन विभाग विभाग द्वारा जारिए किए हेल्पलाइन नंबर 7580808030 पर कॉल कर शिकायत कर सकते हैं। टोल फ्री नंबर पर अवकाश दिवस को छोड़कर सुबह 10 से 5:30 तक आरसी- लाइसेंस के पहुंचने संबधित सभी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। समस्या और शिकायतों का भी समाधान मिलेगा।

## राज्य में हुए शराब घोटाले को लेकर बीजेपी धनेली कन्हार ने किया पुतला दहन

-दीपक मिश्रा-

**कांकेर,11 मई 2023(ए)।** ईडी द्वारा प्रदेश में दो हजार करोड़ शराब घोटाला उजागर किए जाने के बाद भाजपा ने विरोध शुरू कर दिया है। भाजपा मंडल धनेलीकन्हार ने नारेबाजी करते हुए विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री का पुतला फूंका। इस दौरान उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों ने प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर अनेक आरोप लगाए। वक्ताओं ने कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार का एक नया घोटाला शराब घोटाला सामने आया है। ईडी ने प्रेस नोट जारी कर शराब बिक्री में कांग्रेस सरकार द्वारा लगभग 2000 करोड़ की कमीशन खोरी कर घोटाला किए जाने का खुलासा किया है। शराब बंदी के नाम पर कांग्रेस सत्ता में आई और शराब बंदी तो नहीं की, बल्कि प्रदेश में बिक्री बढ़ गई है। ईडी की इस कार्रवाई से यह स्पष्ट हो गया है कि सरकार खुद इसमें शामिल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता के साथ कांग्रेस ने धोखा किया है। जिसमें मण्डल अध्यक्ष पंचुराम नायक , महामंत्री लोकेश्वर सेन , डाकेश साहू , मंडल उपाध्यक्ष कृष्णा साहू , भाजयुमो मंडल अध्यक्ष हेमलाल गढ़िया , पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष मधुसुदन साहू , नरसीग नायक,मंडल मंत्री मकसुदन गांवर,कार्यालय मंत्री रमेश साहू , किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष अमर सिंग बढई , साधुराम मंडावी ,दीपक पान्डेय ,मोहन यादव , संजु जैन,खेमलाल साहू अन्य भाजपा जन उपस्थित थे।



## प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले विद्यार्थी हुए सम्मानित

-दीपक मिश्रा-

**कांकेर,11 मई 2023(ए)।**
छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा घोषित कक्षा 10वीं एवं 12 वीं बोर्ड की परीक्षा में राज्य स्तरीय प्राविण्य सूची में स्थान बनाने वाले जिले के छात्र-छात्राओं को कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने आज सम्मानित किया। उन्होंने विद्यार्थियों का मुंह मीठा कराया और उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।
उल्लेखनीय है कि जिले के चार विद्यार्थियों ने कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में राज्य स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान बनाया है, वहीं कक्षा 12वीं बोर्ड की परीक्षा में एक छात्र ने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान बनाने में सफलता हासिल की है। कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में जिले के कोयलीबेडा विकासखंड के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ऐसेबेडा के छात्रा कुमारी रिया हालदार पिता उत्तम हालदार ने प्रावीण्य सूची में चौथा रैंक हासिल किया है। विकासखंड कांकेर के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोदागांव के छात्र अखिल सेन पिता भेदन सेन तथा विकासखंड कोयलीबेडा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोण्डाहुर के छात्रा स्नेहा हालदार पिता जयदेव हालदार ने आठवां रैंक बनाया है। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माटोली विकासखंड कोयलीबेडा की छात्रा लेखिका उर्वशा पिता अशोक उर्वशा ने राज्य की मेरिट सूची में 10वां रैंक हांसिल किया है। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में पैराडाईज इंग्लिस स्कूल कांकेर की छात्रा कुमारी प्रियल देवांगन पिता जागेश्वर देवांगन ने 8वां रैंक प्राप्त किया है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं बोर्ड की परीक्षा में कांकेर जिले से 9367 विद्यार्थी सम्मिलित हुए थे,जिसमें से 4636 विद्यार्थियों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया है, वहीं 3670 विद्यार्थियों ने द्वितीय स्थान तथा 260 विद्यार्थियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया है। कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में 9697 विद्यार्थी शामिल हुए, जिसमें से 2870 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी तथा 5154 विद्यार्थियों ने द्वितीय श्रेणी और 729 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण हुए हैं। कलेक्टर डॉ. प्रियंका शुक्ला ने परीक्षा में उत्तीर्ण सभी विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत कर सफलता प्राप्त करने के लिए अपनी शुभकामनाएं दी है।

## जल जीवन मिशन अंतर्गत जल बहिनियों की एक दिवसीय कार्यशाला ग्राम कोरर एवं बैजनपुरी में आयोजित

-दीपक मिश्रा-

**कांकेर,11 मई 2023(ए)।** जल जीवन मिशन अंतर्गत विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के आठ ग्रामों हाटकर्रा, हेटारकसा, कोरर, डोंगरगांव, असतरा, राडवाही, घोड़दा, सेलेगांव, चिल्हाटी की जल बहिनियों की एक दिवसीय कार्यशाला ग्राम पंचायत कोरर के सरपंच सौरभ ठाकुर एवं ग्राम पंचायत बैजनपूरी के सरपंच वंदना नेताम, ग्राम पंचायत हाटकर्रा के उप सरपंच राधा पटेल की उपस्थिति में आयोजित की गई। जिला समन्वयक कुमार सिंह तोप्पा द्वारा जल जीवन मिशन के प्रमुख उद्देश्यों का संक्षिप्त जानकारी दिया गया। अतिथियों द्वारा उपस्थित जल बहिनियों को ग्राम के प्रत्येक जल स्रोत व आंगनबाड़ी केन्द्र के जल परीक्षण में सहभागिता देते सभी को शुद्ध जल के महत्व के प्रति जागरूक करते अंतिम व्यक्ति तक शुद्ध पेयजल पहुंचाने में सहयोग करने अपील किया। जिला नोडल अधिकारी नवीन कुमार साहू द्वारा जिले में चल रहे जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल बहिनियों के कार्य एवं जल जीवन मिशन में उनकी भूमिका की जानकारी दी गई। जिला समन्वयक निशा वामन द्वारा जल जीवन मिशन का विस्तृत वर्णन करते हुए ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति की भूमिका,जल संरक्षण एवं संवर्धन के महत्व को विस्तार से बताया। कार्यक्रम में उप अभियंता भानुप्रतापपुर गिरेंद्र साहू द्वारा विकासखण्ड भानुप्रतापपुर में जल जीवन मिशन एवं पेयजल से संबंधित चल रहे कार्यों की जानकारी देते आभार व्यक्त किया। कार्यशाला में जिला समन्वयक छत्रपाल साहू, अनूप कुलदीप, विरेन्द्र विश्वकर्मा, घनश्याम, एनजीओ सहभागी समाज सेवी संस्था के टीम लीडर निर्भय यादव एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)